26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 02 नवम्बर , 2026

आप से इस्तीफा देते ही 'बीजेपी जिंदाबाद'



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। पंजाब में प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी होने के बाद इस्तीफा देने वाले तीनों आम आदमी पार्टी के विधायकों ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। उन्होंने पार्टी के मुख्यालय पहुंचकर बीजेपी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस्तीफा देने के बाद बीजेपी में शामिल होने वालों में पूर्व आईपीएस अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह, चेतन सिंह जौड़ामाजरा और हरमीत सिंह पठानमाजरा शामिल हैं। कुंवर विजय प्रताप सिंह अमृतसर नॉर्थ से विधायक थे। चेतन सिंह जौड़ामाजरा समाना से और हरमीत सिंह पठानमाजरा सनौर से विधायक हैं। 40 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट में पार्टी ने इन तीनों का ही टिकट काट दिया था। कुंवर विजय प्रताप सिंह को आम आदमी पार्टी ने पहले ही निलंबित कर दिया था। बताया कि उन्होंने विधानसभा के विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया है। अमृतसर उत्तर सीट से विधायक सिंह ने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान को भेज दिया और थोड़ी ही देर बाद वह बीजेपी मुख्यालय पहुंच गए।

सपा 53 सीटों पर सुस्त, 9 जिलों में संगठन ध्वस्त

गुटबाजी, टिकट की दांवपेंच या पीडीए फॉर्मूला

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी 53 सीटों पर अचानक सुस्त पड़ती दिख रही है। वजह है- 9 जिलों में संगठन का पूरी तरह ध्वस्त होना। पिछले 3 महीनों में अखिलेश यादव ने अनुशासनहीनता, गुटबाजी और निष्क्रियता पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कफिलहाल, इन जिलों में पुराने जिलाध्यक्ष ही कार्यवाहक के तौर पर काम खींच रहे हैं। नतीजतन, बूथ प्रबंधन से लेकर वोटर लिस्ट पुनरीक्षण तक के जमीनी काम ठप पड़े हैं। सवाल उठ रहा है कि आखिर नई नियुक्तियों में देरी क्यों हो रही?

अंदरखाने खबर है कि लोकल गुटबाजी, नेताओं की विधानसभा टिकट पर दांवपेंच और पीडीए का संतुलन बैठाने के चक्कर में अखिलेश यादव की यह लिस्ट फंसी हुई है। प्रेस क्लब के सभागार में पहले गाली-गलौज और फिर हाथापाई हुई। सपा ने अंशुमान सिंह को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया। 19 सितंबर को लखनऊ में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की मौजूदगी में नेताओं के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद एटा के जिलाध्यक्ष वाहिद महमूद जुबैरी और कासगंज के जिलाध्यक्ष विक्रम यादव को हटाकर पूरी इकाइयां भंग कर दी गईं। 16 सितंबर को सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश पदाधिकारी पर महिला बैंककर्मी से उत्पीड़न के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई। इसके बाद अखिलेश यादव के निर्देश पर मथुरा की जिला, महानगर और सभी फ्रंटल इकाइयों को भंग कर दिया गया। शहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच कुर्सी को लेकर मारपीट हो गई थी। इस अनुशासनहीनता के बाद जिला और महानगर इकाई दोनों को भंग कर दिया गया। 17 अक्टूबर को हुए पीडीए सम्मेलन में अपेक्षा के मुताबिक भीड़ नहीं जुटने और संगठनात्मक निष्क्रियता के चलते प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश पर जिला संगठन भंग किया गया।



13 जून को तत्कालीन जिलाध्यक्ष शराफत अली का एक आपत्तिजनक ऑडियो-वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें पूर्व जनप्रतिनिधियों पर अभद्र टिप्पणियां थीं। इसके बाद पूरी जिला कार्यकारिणी भंग कर दी गई। बदायूं-प्रयागराज-पार्टी सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव दिवाली से पहले इन नियुक्तियों को अंतिम रूप दे सकते हैं। वे सभी जिलों में पीडीए फार्मूले के तहत संतुलित तैनाती करना चाहते हैं। हटाए गए 9 जिलाध्यक्षों और 2 महानगर अध्यक्षों में 5 मुस्लिम, 3 यादव, 1 वैश्य, 1 निषाद और 1 गौतम समाज से थे। अब स्थानीय जातीय समीकरणों को साधते हुए नये चेहरों पर मंथन चल रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि जो जिलाध्यक्ष या महासचिव आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट मांग रहे हैं, उनका टिकट फाइनल होते ही उन्हें संगठन पद से हटाकर नये व्यक्ति को जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे चुनावी कामकाज प्रभावित न हो। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की तैनाती और वोटर लिस्ट पुनरीक्षण का काम धीमा पड़ा है। चुनाव का वोटिंग पैटर्न 2027 विधानसभा में भी रहा तो किसे नुकसान उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव में भाजपा से 1 सीट कम जीतकर भी सपा ने सबको चौंका दिया। इसकी वजह स्नातक खंड सीटों के नतीजों में छिपा है। इसमें सपा ने 5 में से 3 सीटें जीत लीं। शिक्षक खंड के प्रत्याशियों को सिर्फ शिक्षक चुनते हैं, लेकिन स्नातक खंड के चुनाव में युवा वोटरों की अहम भूमिका होती है। चुनाव नतीजों से संकेत मिल रहे हैं कि युवा वोटरों को पसंद बदल रही है।

दो लाख गोबर के दीयों से जगमगाएगा अयोध्या राम मंदिर



अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। अयोध्या राम मंदिर में दीपोत्सव यादगार बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार मंदिर परिसर में दो लाख दीये जलाए जाएंगे। छोटी और बड़ी दीपावली पर अलग-अलग दिनों में एक-एक लाख दीयों से राम मंदिर जगमग होगा। इन दीयों को देशी गाय के गोबर, मोम और सरसों के तेल से तैयार किया जा रहा है। नगर निगम की बैसिंह स्थित कान्हा गौशाला के साथ महिला समूहों के माध्यम से भी दीये बनवाए जा रहे हैं। गौशाला में दर्जनों कारीगर मशीनों से दीयों का निर्माण कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के यात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) के सभागार में शनिवार को हुई बैठक में दीपोत्सव की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। इसमें आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं का जिम्मा संभाल रहे प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र (रिटायर्ड), सचिव जगदीश आफले और जगन्नाथ गुलवे ने तैयारियों की रूपरेखा समझाई।

अहोई अष्टमी पर आधी रात राधाकुंड में उमड़ा आस्था का सैलाब

एक लाख से अधिक दंपत्तियों ने किया महास्नान

मथुरा (एजेंसी/चिंगारी)। संतान सुख की कामना और राधारानी के प्रति अटूट आस्था के साथ अहोई अष्टमी पर रविवार की आधी रात मथुरा के राधाकुंड में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। घड़ी में रात के 12 बजते ही निसंतान दंपत्तियों ने राधाकुंड में महास्नान शुरू कर दिया। इस धार्मिक आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचे। प्रशासन के अनुसार, महास्नान में एक लाख से अधिक दंपत्तियों ने हिस्सा लिया।



धार्मिक मान्यता है कि अहोई अष्टमी की मध्यरात्रि राधाकुंड में स्नान करने से निसंतान दंपत्तियों को संतान सुख की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालु देर शाम से ही गोवर्धन परिक्रमा मार्ग स्थित राधाकुंड के घाटों पर जुटने लगे थे। रात 12 बजने के इंतजार में दंपत्ति घंटों घाटों पर बैठे रहे। जैसे ही मध्यरात्रि हुई और राधारानी के जयकारे गूंजे, श्रद्धालु कुंड में उतरकर स्नान करने लगे। कई दंपत्तियों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर आस्था की डुबकी लगाई और संतान प्राप्ति की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने लाल कपड़े में बांधकर पेठे का फल भी राधाकुंड में अर्पित किया। करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में फैले कुंड के चारों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। घाटों पर उमड़े जनसमूह के कारण पूरा क्षेत्र मिनी कुंभ जैसा नजर आया। गुजरात से आईं कुसुम ने बताया कि उनकी शादी को आठ वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उन्हें संतान सुख नहीं मिला है। किसी परिचित से राधाकुंड की मान्यता के बारे में जानकारी मिली तो वह यहां पहुंचीं। वहीं, चंडीगढ़ से आए टीना और उनके पति नीरज ने बताया कि उनकी शादी को पांच वर्ष हो गए हैं। उन्होंने चिकित्सकों से भी परामर्श लिया, लेकिन संतान नहीं हुई। परिवार के बुजुर्गों ने राधाकुंड में अहोई अष्टमी के महास्नान की मान्यता के बारे में बताया था। इसी आस्था के साथ दोनों यहां पहुंचे और राधारानी से संतान सुख की कामना की।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब



M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

अमानगढ़ में जंगल सफारी का शुभारंभ





एस.एम. असलम

कासमपुर गढ्ढी (चिंगारी)। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया के इको पर्यटन सत्र का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जंगल सफारी का शुभारंभ किया।

अमानगढ़ के केहरीपुर जंगल स्थित कैंप कार्यालय प्रांगण में वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित मंचासीन अतिथियों कमिश्नर मुरादाबाद श्रीमती संगीता सिंह, वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक मुरादाबाद आदर्श कुमार, डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाहा, डीएफओ नजीबाबाद पृथ्वीराज, एएसपी (पूर्वी) अमित किशोर श्रीवास्तव, तहसीलदार धामपुर विपिन चौधरी व सीओ अफजलगढ़ आलोक कुमार सिंह आदि का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए उन्हें तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नेचर गाइडों एवं टैक्सी चालकों को वाइल्ड लाइफ गार्जियन ट्रस्ट इंडिया की ओर से ड्रेस वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रसिद्ध जादूगर सम्राट द्वारा अपनी जादुई कला के माध्यम से पर्यटन के संबंध में कई आश्चर्यचकित कार्यक्रम पेश किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने अमानगढ़ में पर्यटन के विकास पर शासन प्रशासन की मंशा से अवगत कराते हुए पर्यटकों का आह्वान किया कि वह सिर्फ और सिर्फ टाइगर देखने के उद्देश्य से ही नहीं बल्कि यहां मौजूद अनेक जैव विविधताओं को निहारने को भी महत्व दें। सीएफ मुरादाबाद आदर्श कुमार ने पर्यटन के क्षेत्र में अमानगढ़ को डवलप करने की बात कही। डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाहा ने कहा कि अमानगढ़ में जंगल सफारी को और अधिक आकर्षक बनाते हुए यहां और व्यू प्वाइंट बनाए जाएंगे। कार्यक्रम में वाइल्डलाइफ गार्जियन ट्रस्ट इंडिया से धर्मेंद्र कुमार, नगीना वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा, रेहड़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा इको पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष जसराज सिंह आदि अनेक क्षेत्रवासी, वनाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



अमानगढ़ में जंगल सफारी के शीतकालीन सत्र के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त मुरादाबाद श्रीमती संगीता सिंह सहित उपस्थित अतिथियों, वनाधिकारियों ने जिप्सियों में सवार होकर जंगल सफारी का आनंद भी लिया।

खुर्शीद मंसूरी ने जनसम्पर्क कर लखनऊ रैली में पहुंचने की अपील की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के भावी विधानसभा प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी ने ग्राम अलीपुरा में समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समर्थन व सहयोग की अपील करने के साथ ही 26 नवंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाली पार्टी की जन स्वराज रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान खुर्शीद मंसूरी का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास व सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इस दौरान पूर्व प्रधान सूफी नफीस अहमद, वर्तमान प्रधान आसिफ, फिरासत हुसैन, जैनुल, सरताज, महफूज अली, अनवर, अल्ताफ, साजिद, नौशाद, इदरीस, शहजाद, सद्दाम, मुश्ताक, आबिद, आसिफ, जहीर, रिजवान, शकील, सरफराज, परवेज, साइम आदि मौजूद रहे।



खाली कमरे में छापा मार, पुलिस ने चरस के साथ तीन किये गिरफ़्तार

धामपुर (चिंगारी)। नशीले पदार्थों की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धामपुर पुलिस ने तीन आरोपियों को 750 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार करके उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके चालान कर दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरज सोलंकी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी धामपुर डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना धामपुर पुलिस एक नवंबर रविवार को चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने एक प्लॉट के खाली कमरे में छापेमारी की। जहां से तीन आरोपियों को 750 ग्राम चरस



के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में जावेद उर्फ चाचू पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद यामीन उर्फ बुन्दू निवासी मोहल्ला साहूवान धामपुर, राहुल पुत्र नन्दकिशोर निवासी हाइडिल कॉलोनी जैतरा तथा दीपू चौहान पुत्र परवीन सिंह निवासी श्रवण कॉलोनी जैतरा के विरुद्ध पुलिस ने अपराध संख्या 424/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जावेद उर्फ चाचू के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत चार मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने वालो में उपनिरीक्षक रवि तोमर, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, कांस्टेबल सचिन, कौशलेन्द्र, सिराज और दीपक जावला शामिल रहे।

हल्दौर में शराब की दो दुकानों में चोरी



शराब की दुकान पर चोरी की जांच पड़ताल करती पुलिस

हल्दौर (चिंगारी)। बीती रात चोरों ने नगर की दो अंग्रेजी शराब की दुकानों के ताले व शटर तोड़कर दोनों दुकानों से करीब 3 लाख रुपए की नगदी और शराब की बोतलें चोरी कर ली, जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। दुकान स्वामियों द्वारा चोरी की तहरीर थाने में दे दी गई है। जानकारी के अनुसार नगर के पोखर बाजार पर स्वाति बंसल की अंग्रेजी शराब की कंपोजिट की दुकान है। रविवार की रात्रि अज्ञात चोर दुकान का ताला व शटर तोड़कर अंदर घुस गए और गल्ले में रखी करीब 2 लाख रुपए की नगदी व शराब की कुछ बोतलें चोरी करके ले गये। आज सुबह सवेरे दुकान पर रहने वाले सेल्समैनों को चोरी का पता चला और उन्होंने इसकी सूचना थाना पुलिस व दुकान स्वामी को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आवश्यक जांच पड़ताल की। इसी तरह नगर से करीब 2 किलोमीटर दूर बालकिशनपुर चौराहे पर गंज रोड पर स्थित शास्वत राजपूत की अंग्रेजी कंपोजिट शराब की दुकान में भी अज्ञात चोरों ने दुकान के ताले व शटर तोड़कर दुकान में रखी करीब एक लाख रुपए की नगदी व शराब की कुछ बोतल चोरी कर ली। वहां पर भी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की जानकारी प्राप्त की। थाना पुलिस चोरों की धरपकड़ के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं। उधर बिजनौर से फॉरेंसिक टीम भी दोनों दुकानों पर जांच के लिए पहुंच रही हैं।

सभी वरिष्ठ नागरिकों को दी जाये निःशुल्क यात्रा सुविधा



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

धामपुर (चिंगारी)। वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक समिति के जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार की अध्यक्षता में आर्य समाज मंदिर, धामपुर में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पड़ोसी प्रदेश में सभी वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा का प्रावधान है, लेकिन उत्तर प्रदेश में सिर्फ वरिष्ठ महिलाओं को ही यह सुविधा उपलब्ध है।

इस संबंध में एक प्रत्यावेदन मुख्यमंत्री को द्वारा उप जिलाधिकारी दिया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि किसी वरिष्ठ नागरिक के साथ किसी तरह का उत्पीड़न उनके पारिवारिक सदस्य अथवा किसी अन्य द्वारा किया जाता है और किसी समिति के सदस्य को पता लगता है, तो उसकी सूचना तत्काल समिति को दे, जिससे उसकी हर तरह से मदद की जा सके। वक्ताओं ने कहा कि अभी तक तमाम वादों के अनुसार सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को कोई भी सुविधा रेलवे में नहीं दी जा रही है। सिर्फ उनको सीटों का रिजर्वेशन है, कोई छूट किराए में नहीं है। इसके संबंध में पहले भी प्रत्यावेदन दिया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर पुनः प्रत्यावेदन दिया जाएगा। मीटिंग का संचालन महासचिव शिव कुमार ने किया। शिव कुमार ने कई कविताएं भी सुनाईं। इसके अतिरिक्त वक्ता संतोष राणा एवं डॉ. प्रदीप कुमार ने संस्कृति पर विचार रखें। जितेंद्र गहलौत ने भजन सुनाया। बैठक में संरक्षक जगदीश सिंह चौहान, रानी बाग शाखा के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद उपाध्यक्ष, विनोद चादना, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता नंदा, रामकुमार सिंह, श्रीमती शोभा शर्मा, कवि राम सिंह सैनी, भागेश सिंह, महावीर सिंह आर्य, यशपाल राणा, लखपत सिंह आदि ने भाग लिया।



भली लगे या बुरी...

जवाबदेही तो बनती है!

कथित वोट चोरी का मुद्दा चर्चा के चरम पर पहुंच गया है। विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे को इतना तूल दिया है कि चुनाव आयोग के साथ-साथ केन्द्र सरकार को घेरने के लिये कल रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस रैली में विपक्षी दलों के नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त व मोदी सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया। राहुल गांधी ने तो यहां कि कह दिया कि यह वोट चोरी ही नहीं, देश की आत्मा की चोरी है। और ज्ञानेश कुमार का जेल जाना तय है। इतना ही नहीं, राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की बात भी कही। उधर, भाजपा ने विपक्षी दलों की रैली के विरोध में अपना मोर्चा निकाला। शह-मात की इस लड़ाई में जीत या हार किसी की भी हो, लेकिन यह स्पष्ट है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपना भरोसा खो चुके हैं।

यह मसला तब और पेचीदा हुआ, जब एक प्रमुख अंग्रेजी दैनिक ने चुनाव आयोग को लेकर एक एक्सक्लूसिव रिपोर्ट प्रकाशित की। अख़बार के अनुसार दस महीने में दो चुनाव आयुक्त 14 बार लिखित आपत्ति दर्ज करते हैं, तो कहा जाता है बहुमत से फैसला होना कानून की व्यवस्था है, पर बहुमत कोई जादुई शब्द नहीं है, जिससे हर सवाल खत्म हो जाए। अगर दो आयुक्त बार-बार किसी प्रक्रिया पर आपत्ति कर रहे हैं, तो उसका विवरण जानेन का अधिकार सबको है। सबसे बड़ा खतरा यही है कि बहुमत के नाम पर सवाल पूछना ही कहीं बेकार न समझ लिया जाए। जहां तक सॉफ्टवेयर का सवाल है, करोड़ों मतदाताओं का रिकार्ड डिजिटल सिस्टम पर है। यह जरूरी भी है। इतनी बड़ी आबादी की मतदाता सूची कम्प्यूटर के बिना संभालना मुश्किल है, लेकिन लोकतांत्रिक अधिकार को सिर्फ सॉफ्टवेयर के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। सॉफ्टवेयर गलती कर सकता है, डाटा ग़लत जा सकता है, किसी अधिकार का फैसला दर्ज करने में असफल हो सकता है, तब उसका नुकसान किसे होगा? तकनीक, व्यवस्था की मदद के लिए है। कम्प्यूटर के लिए एक नाम डाटा है और हमारे लिए वह नाम एक इन्सान है। इसीलिए, चुनावी आईटी व्यवस्था पर स्वतंत्र जांच, साफ जवाबदेही और मानवीय निगरानी जरूरी है।

उत्तर प्रदेश की सियासत

'ब्रांड मोदी-योगी' भी बेअसर, अगर दलबदलुओं और कागज़ी चेहरों पर लगा दांव!



योगेन्द्र योगी

उत्तर प्रदेश की राजनीतिक बिसात पर शह और मात का खेल हमेशा से अनोखा रहा है। सूबे का मतदाता अब किसी राजनीतिक दल की बपौती नहीं है। चाहे कितनी भी मजबूत स्थिति हो, अगर समय रहते परिस्थितियों को ठीक से नहीं संभाला गया, जमीनी नेताओं को उनका हक नहीं दिया गया और बिना जनमानस वाले दलबदलुओं के सहारे नैया पार लगाने की कोशिश की गई, तो आगामी विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश का राजनीतिक पासा किसी भी तरफ पलट सकता है।

भारतीय राजनीति का इतिहास गवाह है कि उत्तर प्रदेश की जनता और यहां का प्रबुद्ध वर्ग जब करवट लेता है, तो बड़े-बड़े सियासी साम्राज्यों के पैर उखड़ जाते हैं। हालिया विधान परिषद के शिक्षक और स्नातक क्षेत्रों के चुनावी घटनाक्रमों ने इस बात को एक बार फिर निर्विवाद रूप से साबित कर दिया है। यह चुनाव भाजपा के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है कि यदि जमीन पर उतरकर जनता के सुख-दुःख में शामिल होने वाले योग्य और वास्तविक जनप्रतिनिधियों को दरकिनार किया गया, तो शीर्ष नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का करिश्माई नाम भी जीत की गारंटी नहीं बन सकता। मुख्यधारा की राजनीति में अक्सर यह मान लिया जाता है कि चुनाव केवल भारी-भरकम जातीय समीकरणों, बड़े-बड़े वादों और विशाल रैलियों के दम पर जीते जा सकते हैं। लेकिन विधान परिषद के यह चुनाव, जो सीधे तौर पर समाज के सबसे पढ़े-लिखे हिस्से यानी शिक्षकों और स्नातकों द्वारा चुने जाते हैं, एक बिल्कुल अलग ही कहानी बयां कर रहे हैं। यह वर्ग भले ही संख्या बल में अन्य बड़ी जातियों जितना व्यापक न दिखे, लेकिन यह समाज का वह 'जन-मत निर्माता' है, जो ग्रामीण चौपालों से लेकर शहरी दफ्तरों और शिक्षण संस्थानों तक जनता की भावना को जोड़ने, मोड़ने और बदलने की अभूतपूर्व क्षमता रखता है।



इन विधान परिषद चुनावों में, विशेषकर आगरा, वाराणसी और गोरखपुर-फैजाबाद सीटों पर जो अभूतपूर्व सियासी उलटफेर देखने को मिले हैं, वे किसी एक दल की सामान्य हार-जीत मात्र नहीं है। यह देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल की उस संगठनात्मक अपरिपक्वता, टिकट वितरण की आत्मघाती चूकों, कर्मचारी राजनीति के सतही ज्ञान और 'बाहरी व कागजी नेताओं' पर अत्यधिक निर्भरता का परिणाम है, जिसे समय रहते नहीं सुधारा गया तो 2027 के आगामी विधानसभा चुनावों में सत्ता का पूरा गणित उलट सकता है। आगरा शिक्षक निर्वाचन सीट पर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने एक ऐसे चेहरे पर दांव लगाया, जिसकी छवि कागजों पर बहुत चमकीली और बड़ी दिख रही थी। जूनियर इंजीनियर हरि किशोर तिवारी लंबे समय से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तथाकथित अध्यक्ष हैं और डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ में भी शीर्ष पद पर रह चुके हैं। पार्टी के रणनीतिकारों को लगा कि जो व्यक्ति लाखों कर्मचारियों व शिक्षक संघ के महासंघ का नेतृत्व करने का दावा करता हो, उसे टिकट देकर शिक्षकों का वोट आसानी से बटोरा जा सकता है। लेकिन भाजपा के रणनीतिकार यह जानने में पूरी तरह विफल रहे कि उनकी वास्तविक जमीनी पकड़ शून्य है।

यदि प्रत्याशी की वास्तविक पृष्ठभूमि को देखें, तो मूल रूप से जूनियर इंजीनियर रहे हरि किशोर तिवारी केवल एक कागजी लीडर रहे हैं, जिनके पीछे कभी कोई वास्तविक जनमानस नहीं रहा। वे सेवानिवृत्त होकर भी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के चार धड़ों में से एक के नेता बने बैठे हैं, जिसका चुनाव भी वर्षों से नहीं हुआ है और संगठन की स्थिति विशेषकर आगरा मंडल में मृतप्राय है। वे पूर्व में भी समाजवादी पार्टी का दामन थाम चुके हैं और चुनाव लड़कर हार चुके हैं, तभी से वे किसी तरह सत्ता पक्ष में चुनावी गोटी सेट करने की जुगत में थे। कर्मचारी संगठन के ऐसे कागजी चेहरे को जब भाजपा ने बिना वास्तविक कैडर के मैदान में उतारा, तो मतदाताओं ने इस थोपे हुए निर्णय को सिरे से खारिज कर दिया। इसके विपरीत, डॉ. आकाश अग्रवाल जो 2020 में निर्दलीय लड़कर भारी मतों से जीते थे और बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे, पार्टी ने उनका टिकट काट दिया। यदि भाजपा ने वास्तविक स्थिति को पहचानकर आकाश अग्रवाल जैसे कद्दावर और जमीनी नेता को मैदान में बनाए रखा होता, तो आज यह सीट निश्चित रूप से भाजपा के खाते में होती। यह भूल साबित करती है कि जमीन से कटे नेताओं के सहारे मोदी-योगी के नाम पर वैतरणी पार नहीं की जा सकती।

अब प्रत्याशी का चरित्र, उसकी वैचारिक स्थिरता और उसकी सुलभता देखती है। इन चुनावों का सबसे बड़ा निष्कर्ष यही है कि जब तक धरातल पर योग्य, लोकप्रिय और जनमानस का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय नेताओं को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा, तब तक नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ जैसे शीर्ष नेताओं की लोकप्रियता भी सीटों को हारने से नहीं बचा पाएगी। चुनाव जमीन पर लड़कर और सही प्रत्याशी चुनकर ही जीता जा सकता है, केवल शीर्ष नेतृत्व के आभामंडल के भरोसे नहीं। उत्तर प्रदेश में कुछ महीने बाद ही विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं ऐसी रणनीतिक भूल विधानसभा चुनाव में भारी पड़ सकती है। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक बिसात पर शह और मात का खेल हमेशा से अनोखा रहा है। सूबे का मतदाता अब किसी राजनीतिक दल की बपौती नहीं है। चाहे कितनी भी मजबूत स्थिति हो, अगर समय रहते परिस्थितियों को ठीक से नहीं संभाला गया, जमीनी नेताओं को उनका हक नहीं दिया गया और बिना जनमानस वाले दलबदलुओं के सहारे नैया पार लगाने की कोशिश की गई, तो आगामी विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश का राजनीतिक पासा किसी भी तरफ पलट सकता है। वक्त बदलते देर नहीं लगती और राजनीति में वक्त की लाठी हमेशा बेआवाज़ होती है।

प्रगणक व सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। तहसील नजीबाबाद के बुन्दकी रोड, नेकपुर स्थित नॉर्थ इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) हेतु प्रगणकों व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शनिवार को जनगणना जिला प्रभारी जेपी यादव ने इस प्रशिक्षण शिविर का औचक निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता परखी। सभी व्यवस्था सही पाई गई तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से होना पाया गया। कहा गया कि जनगणना एक बेहद महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, उन्होंने प्रगणकों को निर्देशित किया कि 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आम जनता को ऑनलाइन माध्यम से अधिक से अधिक स्वगणना करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया जाए, ताकि प्रक्रिया को पारदर्शी व सुगम बनाया जा सके। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि स्वगणना अभियान के बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक निर्धारित अवधि में प्रगणक व सुपरवाइजर अनिवार्य रूप से घर-घर जाकर शत-प्रतिशत जनसंख्या गणना का कार्य करेंगे। उन्होंने हिदायत दी कि क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति गणना से छूटना नहीं चाहिए। जनगणना चार्ज अधिकारी संतोष कुमार यादव ने सभी सुपरवाइजरों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों के कार्यों की रोजाना निगरानी करने के निर्देश दिए।

अहोई अष्टमी पर माताओं को पीत वस्त्र व सद्साहित्य भेंट कर सम्मानित किया



अहोई अष्टमी पर गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित कार्यक्रम।

नजीबाबाद (चिंगारी)। गायत्री तीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार के गायत्री परिवार के 16 जनपदों के केन्द्र गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में अहोई अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ0 दीपक कुमार ने कहा कि अहोई अष्टमी पर्व हिन्दू धर्म का एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार है, जो मुख्य रूप से उत्तर भारत में माताएं अपनी संतान की लम्बी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य व उज्वल भविष्य की कामना के लिये रखती हैं। यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। अहोई माता जिन्हें माता पार्वती का रूप माना जाता है। उनकी पूजा की जाती है। अहोई पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ की ब्रह्मवादिनी बहनों पुष्पा शर्मा, रिक्की सिंह, सारिका अग्रवाल, प्रेमलता शर्मा, रीना सिंह, सुमन वर्मा, आशा गुप्ता, नीलम बरनवाल आदि ने अहोई माता (पार्वती माता) की पूजा अर्चना कर संतान की दीर्घायु व संस्कारवान, सेवाभावी होने की कामना की। गायत्री शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेन्द्र सिंह, ट्रस्टी हरीश शर्मा, ओमपाल सिंह, राज भटनागर, एचपी गुप्ता आदि ने माताओं को पीत वस्त्र व सद्साहित्य भेंट कर सम्मानित किया।

चाइनीज मांझे की चपेट में आकर शिक्षक घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में चाइनीज मांझे की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। एक मोटरसाइकिल सवार शिक्षक चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मालगोदाम तिराहे से आगे ओवरब्रिज पर हुए हादसे में नांगल सोती थाना क्षेत्र के ग्राम तिसोतरा निवासी महेश कुमार चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गये। मांझे की धार इतनी तेज थी कि उनकी शर्ट तक कट गई। गनीमत रही कि समय रहते उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया गया जिससे उपचार मिल गया। महेश कुमार मंडावली स्थित सेंट मैरी इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता हैं। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे वह मोटरसाइकिल से नजीबाबाद आए थे। मालगोदाम से आगे ओवरब्रिज पर पहुंचते ही अचानक चाइनीज मांझा उनके गले में उलझ गया। मांझे से उनके गले में गहरा कट लग गया। अचानक हुए हादसे से वह घायल हो गए। उनके साथ मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें नजीबाबाद स्थित सेंट मैरी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि चैकिंग अभियान चलाकर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा।

16 साल बाद रमाबाई मैदान में बसपा की वापसी की तैयारी, छह दिसंबर को बड़ी रैली की चर्चा तेज

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए 6 दिसंबर को लखनऊ के रमाबाई आंबेडकर रैली स्थल से चुनावी बिगुल फूँकने की तैयारी में जुटी है। पार्टी के संभावित आयोजन को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। दरअसल, लखनऊ के रमाबाई आंबेडकर रैली स्थल पर 5 और 6 दिसंबर के लिए बुकिंग कराई गई है। इसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर 6 दिसंबर को बसपा यहां बड़ी रैली या जनसभा आयोजित कर सकती है।

दीपिका गौड़ ने श्रद्धा व विधि-विधान से की अहोई अष्टमी की पूजा-अर्चना



नजीबाबाद (चिंगारी)। अहोई अष्टमी के पावन पर्व पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला मंत्री दीपिका गौड़ ने अपने पुत्र की दीर्घायु, सुख-समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना को लेकर विधि-विधान के साथ अहोई माता की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने पूरे श्रद्धाभाव के साथ व्रत रखा व पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार अहोई माता की पूजा कर परिवार की खुशहाली एवं बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की। अहोई अष्टमी का पर्व मातृत्व, आस्था व पारिवारिक प्रेम का प्रतीक माना जाता है। इस दिन माताएं अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य व सुखद जीवन के लिए व्रत रखकर अहोई माता की आराधना करती हैं। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए दीपिका गौड ने भी पूरे विधि-विधान व भक्तिभाव के साथ पूजा संपन्न की। पूजा-अर्चना के दौरान पूनम गौड़, रुचि गौड़, शिवांश गौड़ व अश्विक गौड़ भी मौजूद रहे। सभी ने धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर श्रद्धापूर्वक भगवान का स्मरण कर परिवार में सुख-शांति, खुशहाली एवं समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। इस दौरान घर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। पर्व को लेकर परिवार के सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिला।

नेतन्याहू सत्ता के लिए धुर विरोधी से हाथ मिलाने को तैयार!

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। इजरायल चुनाव में किसी को बहुमत नहीं मिला है। सरकार बनाने को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। 120 सीटों वाली इजरायली संसद यानी नेसेट में सरकार बनाने के जरूरी आंकड़े से दूर रहने के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यशार पार्टी के लीडर गादी आइजनकोट के साथ गठबंधन का विकल्प खुला रखा है। पब्लिकली यूनिटी सरकार के विचार को खारिज करने के बावजूद, लिकुड से जुड़े सूत्रों का कहना है कि नेतन्याहू आइजनकोट के साथ हर मुमकिन ऑप्शन पर विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया, नेतन्याहू को डर है कि आइजनकोट उन्हें सत्ता से हटाने के लिए अरब पार्टियों और अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स पार्टियों के साथ हाथ मिला सकते हैं। बता दें, 120 सदस्यों वाली इजरायली संसद यानी नेसेट में सरकार बनाने के लिए 61 सीटों की जरूरत होती है। इसमें नेतन्याहू का गठबंधन 53 सीटों पर सिमट गया, जबकि गादी आइजेनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी खेमे को 48 सीटें मिलीं। 27 अक्टूबर 2026 को इजरायल के संसदीय चुनाव में अरब नेतृत्व वाली दो पार्टियों ने मिलकर 19 सीटें जीतीं।





बिरला विद्या मंदिर नैनीताल ने धूमधाम से मनाया 79वां वार्षिकोत्सव





नैनीताल (चिंगारी)। नगर के प्रसिद्ध बिरला विद्या मंदिर, नैनीताल ने 1 नवंबर को अपना 79वां वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया। इस गरिमामयी समारोह में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता, लेखक और निर्देशक तथा विद्यालय के ही एक पूर्व मेधावी छात्र प्रमोद पाठक मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विद्यालय की एनसीसी विंग द्वारा मुख्य अतिथि को एक भव्य 'गार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान करके की गई। इसके तुरंत बाद प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपने विस्तृत संबोधन में उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान अकादमिक उपलब्धियों, खेलकुद प्रतियोगिताओं और विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों में छात्रों व शिक्षकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और विद्यालय की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है, और देश भर में ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्य अतिथि श्री प्रमोद पाठक ने अपने विद्यालय के पुराने दिनों की सुनहरी यादों को ताजा किया। इसके बाद आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सभी उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इनमें मास पी.टी., ताइक्वांडो, म्यूजिकल ड्रिल और शानदार बैंड प्रदर्शन शामिल रहे। विद्यालय में वर्ष भर चलने वाली अकादमिक, खेलकुद प्रतियोगिताओं और विभिन्न सह- शैक्षणिक गतिविधियों के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदनों को विजेता ट्राफी भी प्रदान की गयी। जूनियर स्कूल से पटेल सदन और सीनियर स्कूल टैगोर सदन ने वर्ष 2026-27 की विजेता ट्राफी हासिल की। इसके पश्चात बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

समारोह के अगले चरण में मुख्य अतिथि ने विद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विज्ञान, कला, सामाजिक विज्ञान, भाषा, मनोविज्ञान और शिल्प प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि, अन्य गणमान्य अतिथियों और उपस्थित अभिभावकों ने छात्रों द्वारा बनाए गए शानदार मॉडलों, ज्ञानवर्धक चार्टों और रचनात्मक इंस्टॉलेशन का निरीक्षण किया और उनकी प्रशंसा की।

इसके पश्चात् रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। मंच पर एक के बाद एक कई बेहतरीन प्रस्तुतिया दी गईं। कार्यक्रम की शुरुआत एक बेहद कर्णप्रिय और शांत वातावरण तैयार करने वाली 'वंदना' के साथ हुई। इसके बाद, ऑर्केस्ट्रा की स्वर लहरियो ने संगीत का एक अद्भुत समां बांध दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हिंदी और अंग्रेजी के नाटकों ने अपने गंभीर और गहरे संदेश से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अंत में समूह नृत्यों की ऊर्जावान और लयबद्ध प्रस्तुति ने एकता, संस्कृति और कलात्मक प्रतिभा का एक अनूठा रंग बिखेरा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान ही, परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्षिकोत्सव समारोह में वित्त प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता, राकेश मोलाशी, पृथ्वीराज सिंह किरौला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गड़िया, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

स्वयं सहायता समूह महिलाओं के वित्तीय स्वावलम्बन का माध्यम बने : विजया रहाटकर

एम्स में शक्ति समागम कार्यक्रम आयोजित

ऋषिकेश (चिंगारी)। राष्ट्रीय महिला आयोग एवं उत्तराखंड राज्य महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश के मुख्य सभागार में 'शक्ति समागम: सृजन से समृद्धि' संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिला लाभार्थियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और लखपति दीदियों ने भारी संख्या में भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह आज सिर्फ बचत का जरिया नहीं, बल्कि महिला आत्मविश्वास, वित्तीय स्वावलंबन और सामाजिक क्रांति का सबसे बड़ा माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के चेहरों पर संघर्ष से सफलता तक की दास्तान साफ दिखाई देती है। श्रीमती रहाटकर ने देश को वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाने के सामूहिक संकल्प का आह्वान किया तथा सभागार में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह की रोकथाम, बालिकाओं की शिक्षा और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने आयोग द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे अभियानों की चर्चा करते हुए कहा कि पर्वतीय राज्य की महिलाएं अत्यंत जुझारू और कर्मठ हैं। उन्होंने राज्य में महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनके उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की। ऋषिकेश विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखंड के निर्माण व विकास में नारी शक्ति की ऐतिहासिक भूमिका का स्मरण कराया। ऋषिकेश के महापौर शंभू पासवान तथा एम्स ऋषिकेश की निदेशक डॉ. मीनू सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए महिला स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और संस्थागत सहयोग की निरंतरता पर बल दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग के उप निदेशक रामावतार सिंह, राज्यमंत्री चारु कोठारी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा रुचि भट्ट, तुलसी मेहरा, रेखा रयाल, उर्वशी चौहान, कृतिका दबई, गुनिता आदि उपस्थित रहे।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

हिंदु सुरक्षा संघ के नये पदाधिकारियों को मनोनयन-पत्र दिये

धामपुर (चिंगारी)। राधा इंटर कॉलेज में हिंदू सुरक्षा सेवा संघ की बैठक में संगठन का विस्तार करने के साथ नए पदाधिकारीयों को मनोनयन पत्र दिए गए। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी योजनाओं एवं सामाजिक हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन से जुड़े नए पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र बांटे गए। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री अवधेश कुमार शर्मा ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमानगढ़ी अयोध्या के पूज्य महंत राजू दास महाराज के निर्देशानुसार संगठन के विस्तार हेतु कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री अंकुर गिरि, प्रशांत यादव, अनुज शर्मा, रणवीर सिंह निराला, उमेश कुमारी, संजीव कश्यप, गौरव नामदेव, टीकम सिंह फौजी, शेर सिंह, प्रेमलता, मिथिलेश चौधरी, किरण, महिपाल सिंह, हर प्रसाद शर्मा, अनुराग शर्मा, नितिन चौहान, राजू, सुमित, गौरव वर्मा, नामदेव, मोहित कुमार राजपूत, रविंद्र कुमार, जगदीश पाल, अंकुर सैनी, संजीव कुमार सैनी, देवराज, जितेंद्र चौहान, टीकम सिंह फौजी, शेर सिंह, प्रेमलता, सोनिका अग्रवाल, किरण गौरव, महिपाल सिंह, अनुराग शर्मा, साहिल, कृष्णदयाल, डॉ. भूपेंद्र कुमार, जगदीश पाल, देवराज सिंह, धर्मेंद्र पाल सिंह, गजेंद्र कुमार विश्वकर्मा, पप्पू सिंह, देवेंद्र सिंह, विशाल गौरव, सोनू कुमार, रोहित कुमार, सोमपाल सिंह, गौरव विश्वकर्मा, इंदर सिंह, योगेश कुमार, राकेश कुमार, अनुज गिरि, सौरभ, विक्रांत, संगम, पंकज मौजूद रहे।

गीता आश्रम ने श्रद्धा व भक्ति के साथ निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

ऋषिकेश (चिंगारी)। स्वर्गावास स्थित गीता आश्रम से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्रद्धा भक्ति पूर्वक निकाली गई। यह यात्रा गंगा चौक, लक्ष्मी नारायण मंदिर, गीता भवन, साधु समाज मेंन मार्केट, परमार्थ निकेतन वानप्रस्थ होते हुए वेद निकेतन में विश्राम लेकर वापस गीता आश्रम में संपन्न हुई। यात्रा में महामंडलेश्वर ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी ललित नंद गिरि महाराज, डालमिया कोठी उत्तरांचल तीर्थ विकास परिषद के अध्यक्ष स्वामी गुरु चरण मिश्रा



विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यात्रा में महंत मनोज द्विवेदी, रवि शास्त्री, स्वामी दिवानंद रामकृष्ण पोखरियाल, अभिषेक शर्मा, इंद्रप्रकाश अग्रवाल, श्रीमती बिंदी अग्रवाल, शकुंतला राजपूत, गीता आश्रम के अध्यक्ष डॉ. दीपक गुप्ता, कृष्ण आधार मिश्रा, त्रिभुवन उपाध्याय पंकज शर्मा, शिव कुमार चतुर्वेदी, प्रमिला शाह, श्रीमती शशि गुप्ता, विजय दीक्षित, माधव अग्रवाल, विजय शर्मा, उमाशंकर, गणेश शर्मा आदि बड़ी संख्या में संत समाज स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। गीता आश्रम ट्रस्ट क अध्यक्ष डॉ. दीपक गुप्ता ने सभी भक्तों को गीता आश्रम की ओर से प्रसाद वितरण किया। समापन पर आरती पूजा के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

विधिक सहायता शिविर में 103 लाभार्थियों को मिला लाभ

जनपद न्यायाधीश ने किया शुभारंभ, 27 से अधिक विभागों ने लगाए स्टॉल



बिजनौर (चिंगारी)। इंदिरा बाल भवन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया गया। जनपद न्यायाधीश संजय कुमार सप्तम ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 27 से अधिक विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आर्थिक स्थिति के कारण कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाति चंद्रा ने नि:शुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता और नालसा की हेल्पलाइन 15100 की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया समझाई।

शिविर में कन्या सुमंगला, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन और बाल सेवा सहित विभिन्न योजनाओं के तहत 103 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल एवं सहायक उपकरण वितरित किये गये। बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराने के साथ फल की टोकरियां भी बांटी गईं। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुधीर कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वाति चंद्रा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, स्पेशल न्यायाधीश ईसी एक्ट लोकेश नागर सहित न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



बिजनौर में 7907 परीक्षार्थियों ने छोड़ी पीईटी परीक्षा

23 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ आयोजन



बिजनौर (चिंगारी)। जनपद में रविवार को दो पालियों में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पैट) शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 23 केंद्रों पर कुल 21,312 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 14405 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 7907 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। केंद्रों पर सघन चैकिंग, बायोमेट्रिक सत्यापन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था रही। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई। जिसमें 10,656 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 7164 उपस्थित रहे, जबकि 3465 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक हुई। इसमें 7241 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 3465 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की आवाजाही शुरू हो गई थी। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए केंद्रों पर प्रवेश के दौरान विशेष सतर्कता बरती गई। अभ्यर्थियों को प्रवेश द्वार पर सघन जांच और बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही परीक्षा कक्षों में जाने की अनुमति दी गई। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी की गई, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो। प्रशासन की ओर से परीक्षा के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया गया।

तीन सीओ के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

आलोक सिंह बने नगीना के नए सीओ

नगीना (बिजनौर)। पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई ने रविवार को जिले में तीन पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। नगीना के पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय बिजनौर भेजा गया है। उनके स्थान पर अफजलगढ़ के पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह को नगीना सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय बिजनौर में तैनात आकांक्षा गौतम को अफजलगढ़ का नया पुलिस क्षेत्राधिकारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए इस प्रशासनिक फेरबदल के बाद जिले के तीन पुलिस क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदल गए हैं।



पटाखों की बारुद कागज पर निकालकर आग लगाई, दो बालक झुलसे

शेरकोट (चिंगारी)। खेल-खेल में पटाखे से उठी चिंगारी से दो बच्चे झुलस गए। बच्चों को इलाज के लिए धामपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रविवार की शाम क्षेत्र के उमरपुर निवासी अदनान (9 वर्ष) पुत्र निजामुद्दीन और अरहान (8 वर्ष) पुत्र मुफीद अहमद पास के कई बच्चों के साथ अपने घर के पास खेल रहे थे। इस दौरान बच्चों ने एक पटाखा का मसाला कागज पर निकाल लिया। बच्चों द्वारा जैसे ही कागज़ में आग लगाई गई तो अचानक आग भड़क उठी। आग की चपेट में आने से अदनान और अरहान झुलस गए। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और परिजन घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। परिजनों द्वारा तत्काल दोनों बच्चों को उपचार हेतु धामपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, कुछ देर बाद दोनों बच्चों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि इस घटना में एक अन्य बालक मामूली रूप से झुलसा है। अचानक हुई इस घटना से कुछ देर के लिए परिजनों में हड़कंप मच गया।





गरिमामय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव



रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्कूल के छात्र-छात्राएं।



स्कूल की मेधावी छात्रा को सम्मानित करते हुए एसपी श्री केके विश्नोई।



एसपी केके विश्नोई का स्वागत करते हुए प्राचार्या डॉ. सीमा विश्वास।

बिजनौर (चिंगारी)। शनिवार को मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर में वार्षिकोत्सव समारोह अत्यंत भव्यता, उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह की केंद्रीय थीम 'मानव निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण' रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी श्री के.के. विश्नोई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह एवं एसपी देहात गौतम राय की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी, अध्यक्ष ठाकुर गजेंद्र सिंह एवं प्रबंध समिति के समस्त सदस्यों तथा डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने दीप प्रज्वलित किया। तदुपरांत डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास, अनुशासन और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समारोह को यादगार बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और विविधता में एकता की भावना को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गणेश वंदना, शिव स्तुति, दुर्गा स्तुति, कृष्ण स्तुति, सूफी डांस, राम आएंगे, झूम-झूम हर कली, वीरों के वंशज, वसंत कुमार विश्वास, देशभक्ति नाटक, भारत दर्शन, फिलर नेचर, टीचर/स्टूडेंट, गुरु वंदना, हमारा स्कूल, हम छोटे-छोटे दीप आर्केस्ट्रा वंदे मातरम ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

शानदार मंच सज्जा देख अतिथि गदगद

वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय एवं मंच की साज-सज्जा देखते ही बनती थी। मंच की भव्य साज-सज्जा में भगवान श्रीकृष्ण एवं अर्जुन की प्रतिमाओं ने भारतीय संस्कृति, ज्ञान, कर्तव्य और मार्गदर्शन का प्रेरक संदेश दिया। श्रीकृष्ण-अर्जुन का यह प्रतीकात्मक स्वरूप मानो विद्यार्थियों को संदेश दे रहा था कि जीवन की प्रत्येक चुनौती का सामना विवेक, ज्ञान, साहस और उचित मार्गदर्शन से किया जा सकता है। मोर की आकृतियों से मंच शोभायमान था। कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड में 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति -पत्र एवं ट्राफी देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा विभिन्न गतिविधियों के लिए भी प्रशस्ति-पत्र व ट्राफी देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय का यह वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव होने के साथ-साथ शिक्षा के व्यापक उद्देश्य को समर्पित एक प्रेरणादायी आयोजन सिद्ध हुआ। अंत में प्रबंधक श्री अनिल चौधरी ने सभी आगंतुक अतिथियों का हृदय से आभार प्रकट किया।

संकट में सहारा बन रही योगी सरकार

ग्रामीण परिवारों को मिल रही आर्थिक सुरक्षा



लखनऊ (चिंगारी)। ग्रामीण क्षेत्रों में किसी परिवार पर अचानक आर्थिक संकट आने की स्थिति में उसकी मदद के लिए योगी सरकार की ओर से महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से संचालित जोखिम निवारण निधि जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों के लिए संकट के समय आर्थिक सहारा बन रही है। सरकार के विगत वर्षों के प्रयासों से अब तक 36,330 ग्राम संगठनों को 415 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि इस निधि के रूप में उपलब्ध कराई गई है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक अरुण कुमार ने रविवार को बताया कि जोखिम निवारण निधि की व्यवस्था ग्रामीण परिवारों को आपात परिस्थितियों में बड़ी सहूलियत प्रदान करती है। इसका उद्देश्य ऐसी आकस्मिक आपदाओं और घटनाओं से प्रभावित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ ही पंचायत स्तर पर निवास करने वाले गैर समूह सदस्यों को भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। ग्राम संगठनों के माध्यम से संचालित यह व्यवस्था जरूरत के समय स्थानीय स्तर पर ही सहायता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जोखिम निवारण निधि का उपयोग खाद्य असुरक्षा, अचानक बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के साथ प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न संकट की स्थिति में किया जाता है। आगजनी, बाढ़, बिजली गिरने, सूखा पड़ने और दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में प्रभावित परिवार इस व्यवस्था के तहत सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसका विशेष लाभ एकल महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजन, प्रवासी व्यक्तियों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को मिलता है।

प्रत्येक ग्राम संगठन को डेढ़ लाख रुपये का कॉरपस फंड

मिशन के अंतर्गत ग्राम संगठनों को एक बार डेढ़ लाख रुपये की जोखिम निवारण निधि उपलब्ध कराने का प्रावधान है। यह राशि कॉरपस फंड के रूप में ग्राम संगठन के पास रहती है, जिसका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर पात्र परिवारों की मदद के लिए किया जाता है। सहायता राशि ग्राम संगठन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है, जिससे जरूरतमंदों को स्थानीय स्तर पर ही आर्थिक सहयोग मिल सके। निधि के तहत किसी समूह सदस्य को 5,000 रुपये तक सहायता दी जा सकती है। गैर समूह सदस्यों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के उद्देश्य से भी इस निधि का इस्तेमाल किया जाता है। विशेष परिस्थितियों में ग्राम संगठन के पदाधिकारियों की सहमति से सहायता राशि अनुदान के रूप में भी दी जा सकती है।

महिला समूहों की सामूहिक ताकत से मजबूत हो रही आर्थिक सुरक्षा

योगी सरकार की इस पहल में महिला स्वयं सहायता समूहों और ग्राम संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। गांवों में गठित ये संगठन जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर संकट की घड़ी में उन्हें आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने का माध्यम बन रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक सहयोग की भावना मजबूत होने के साथ ही परिवारों को आकस्मिक आर्थिक झटकों से उबरने में मदद मिल रही है। ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को संस्थागत ऋण से भी जोड़ा जा रहा है। मिशन के प्रारंभ से अब तक पौने दस लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को कुल 11,378 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है।

महापुरूषों की जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी ने दिव्यांगों को फल वितरित किये

नजीबाबाद (चिंगारी)। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के शहादत दिवस, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल व प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आचार्य नरेंद्र देव की जयंती के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद द्वारा हरिद्वार रोड स्थित प्रेमधाम आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने आश्रम में रह रहे अनाथ एवं दिव्यांग बच्चों को फल वितरित कर इन महान विभूतियों के चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रईस कुरैशी कहा इंदिरा गांधी ने अपने आप को देश के लिए समर्पित कर देश की राजनीति में महिलाओं के नेतृत्व की नई पहचान दिलाई। वहीं कृषि उत्पादन बढ़ाने व देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। 1971 में पाकिस्तान को दो भागों में बांट कर बांग्लादेश बना दिया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. सलीम सैफी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, नईमुल अख्तर, अमजद सिद्दीकी, परवेज अली, सिताब खां सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने महापुरुषों के देश के प्रति योगदान को याद करते हुए उनके विचारों एवं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



एंटी रोमियो टीम ने जागरूकता अभियान चलाकर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना नजीबाबाद की एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से क्षेत्र में चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने विभिन्न स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं से संपर्क कर उन्हें महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल पुलिस एवं संबंधित हेल्पलाइन की सहायता लेनी चाहिए। इस दौरान उन्हें वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 108 तथा साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई।

अवैध शराब की बिक्री के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन



नगीना-नहटौर मार्ग पर अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ सड़क पर बैठीं महिलाएं।



अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ नाराजगी व्यक्त कर रही महिलाओं को समझाते पुलिसकर्मी।

नगीना-नहटौर मार्ग पर एकत्र हुईं महिलाएं

नगीना (चिंगारी)। गांव धर्मशाला नंगली में अवैध रूप से देसी शराब की बिक्री किए जाने का आरोप लगाते हुए रविवार को महिलाओं ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने गांव के तीन लोगों पर ठेके से देसी शराब लाकर चोरी-छिपे बेचने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझाकर आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

गांव की करीब 20 से 25 महिलाएं गांव के बाहर नगीना-नहटौर मार्ग पर एकत्र हुईं। महिलाओं का आरोप था कि गांव के तीन लोग ठेके से देसी शराब लाकर चोरी-छिपे गांव में बेचते हैं। इससे गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क से गुजर रहे राहगीर भी रुककर प्रदर्शन देखने लगे, जिससे मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझाया। पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद महिलाओं ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। सीओ राजेश कुमार सोलंकी का कहना है कि इससे पहले अवैध तौर पर शराब बिकने की कोई शिकायत गांव से नहीं आई थी। इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

कुम्हार के श्रम और किसान की उपज को मिली खुशहाली

योगी बोले- परिवार की आजीविका को रोशनी दे रहा दीपोत्सव

लखनऊ (चिंगारी)। रामनगरी अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की तैयारियों के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसके सामाजिक और आर्थिक महत्व को रेखांकित किया है। उन्होंने आज एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अयोध्या का दीपोत्सव आस्था के साथ आर्थिकी को भी नई ऊर्जा दे रहा है। यहां प्रज्ज्वलित होने वाला हर दीप किसी कुम्हार के श्रम, किसी किसान की उपज और किसी परिवार की आजीविका को नया प्रकाश दे रहा है।

सीएम ने कहा कि दीपोत्सव केवल धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का उत्सव नहीं है, बल्कि स्थानीय कारीगरों, श्रमिकों और छोटे व्यापारियों के लिए रोजगार व कारोबार के नये अवसरों का माध्यम भी बन रहा है। रामनगरी में जलने वाले लाखों दीप श्रमशील परिवारों के जीवन में खुशहाली की उम्मीद जगा रहे हैं।

सीएम योगी ने अपने पोस्ट में वर्ष 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय अयोध्या की सांस्कृतिक संभावनाओं को स्थानीय कारीगरों, किसानों और छोटे व्यापारियों की समृद्धि से जोड़ने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की गई थी। आस्था के सामर्थ्य को आजीविका के नये अवसरों में बदलने की सोच का पूर्णत: अभाव था। उन्होंने कहा कि रामनगरी की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक महत्व का लाभ स्थानीय लोगों तक पहुंचाने की दिशा में पहले गंभीर प्रयास नहीं किए गए। ऐसे में दीपोत्सव जैसे आयोजन के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की संभावनाएं अब साकार हो रही हैं। सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने इस अंधकार को दूर किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में लाखों दीपों से आलोकित होने वाला भव्य दीपोत्सव आज कुम्हारों, श्रमिकों और छोटे व्यापारियों के लिए काम एवं कारोबार के नए अवसर सृजित कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि जिस दीये से रामनगरी जगमगाती है, उसी से किसी श्रमशील परिवार के घर में खुशहाली की उम्मीद भी जागती है। दीपोत्सव की यही विशेषता है कि यह आस्था के साथ स्थानीय लोगों की आजीविका और आर्थिक समृद्धि को भी नई दिशा दे रहा है।

स्थानीय कारीगरों और छोटे कारोबारियों को मिल रहा संबल

अयोध्या में दीपोत्सव के आयोजन से मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों, स्थानीय श्रमिकों और छोटे व्यापारियों को कारोबार के नये अवसर मिल रहे हैं। सीएम के संदेश में इस बात पर जोर दिया गया है कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़कर आमजन की आजीविका को मजबूत किया जा सकता है।

विधानसभा प्रभारी का स्वागत किया



नगीना (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी की नगीना विधानसभा के प्रभारी एवं ओबीसी मोर्चा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री महेंद्र सिंह प्रजापति के प्रथम बार नगीना आगमन पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रविवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व विधायक सतीश गौतम, जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, प्रमोद चौहान, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री अब्दुल कय्यूम राईन, समाजसेवी डॉ.मेघ प्रकाश, सौरभ मित्तल, सुभाष शर्मा, पंडित सचिन शर्मा, रोहित रवि, डॉ.भूपेश और सोहन सैनी सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुकेश अंबानी के शेयर ने मचाया ऐसा गदर, स्टॉक मार्केट बमबम, सेंसेक्स 1000 अंक उछला

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। शेयर बाजार सप्ताह के पहले दिन बमबम नजर आ रहा है। बीते हफ्ते के उतार-चढ़ाव के बाद आज खुलने के साथ ही सेंसेक्स-निफ्टी दोनों इंडेक्स रॉकेट बने हुए नजर आए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स ओपन होने के साथ ही 1000 अंक चढ़ गया और 75 हजार के लेवल को पार कर गया। तो वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स भी रॉकेट की रफ्तार से भागते हुए 200 अंक से ज्यादा की छलांग लगा गया। बाजार की इस तेजी को सबसे ज्यादा सपोर्ट देश की सबसे मूल्यवान कंपनी मुकेश अंबानी की रिलायंस का मिला, जो 4.50प्रतिशत तक उछल गया। आज शेयर बाजार में आई रैली पर नजर डालें, तो बीएसई का सेंसेक्स अपने पिछले शुक्रवार के बंद 74,459 की तुलना में तेजी लेकर ओपन हुआ और महज कुछ ही मिनटों में ये 1012 अंकों की छलांग लगाकर 75,471 के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आया। सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर एनएसई का निफ्टी भी चलता दिखाई दिया। ये 50 शेयरों वाला इंडेक्स



अपने पिछले बंद 23,053 के लेवल से उछलकर खुला और फिर एक झटके में 239 अंकों की छलांग लगाकर 23,292 के स्तर पर ट्रेड करने लगा। शेयर मार्केट रैली में सबसे बड़ा रोल अरबपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर निभाता हुआ नजर आया। Reliance Share खबर लिखे जाने तक 6.70 प्रतिशत की उछाल के साथ 1241 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी के स्टॉक में आए इस उछाल ने बाजार में तेजी की लहर ला दी। RIL Stock में आई इस तेजी के चलते कंपनी का मार्केट कैप 16.77 लाख करोड़ रुपये पर जा पहुंचा. रिलायंस के शेयर में इस तेजी के पीछे कंपनी के FY27 की दूसरी तिमाही के शानदार नतीजों का रोल रहा, जिसके बाद तमाम ब्रोकरेज कंपनियों ने इसे लेकर पॉजिटिव आउटलुक शेयर किया है. जुलाई-सितंबर तिमाही में ऑयल-टू-केमिकल्स (ह्न2ष्ट) बिजनेस, डिजिटल सर्विसेज और रिटेल ऑपरेशन्स ग्रोथ के चलते शानदार नतीजे आए. रिलायंस का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 28प्रतिशत बढ़कर 3.62 लाख करोड़ के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया।

टीजीटी भर्ती में एससी-एसटी अभ्यर्थियों को पांच प्रतिशत अंकों की छूट देने की मांग

नगीना (चिंगारी)। नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश में टीजीटी भर्ती प्रक्रिया में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को स्नातक स्तर पर पांच प्रतिशत अंकों की छूट दिए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

सांसद ने अपने पत्र में कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा जारी टीजीटी भर्ती विज्ञापन संख्या 07/2026 में एससी-एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों को स्नातक स्तर पर निर्धारित पांच प्रतिशत अंकों की छूट का लाभ नहीं दिया जा रहा है, जबकि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के दिशा-निर्देशों के अनुसार आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को शैक्षिक अर्हताओं में पांच प्रतिशत अंकों की छूट का प्रावधान है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा पत्र



उन्होंने कहा कि इस छूट का लाभ नहीं मिलने से बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं। सांसद ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संबंधित विभाग और उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को एनसीटीई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एससी-एसटी अभ्यर्थियों को पांच प्रतिशत अंकों की छूट देने के निर्देश दिये जाएं। साथ ही पात्र अभ्यर्थियों को आवेदन का अवसर देने के लिए भर्ती पोर्टल दोबारा खोला जाए और आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की जानी चाहिए।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

भाजपा पदाधिकारियों का स्वागत किया

शेरकोट (चिंगारी)। रविवार की शाम नगर के मोहल्ला शेखान स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित शरदचन्द्र शर्मा के आवास पर आयोजित किये गये स्वागत एवं सम्मान समारोह में भाजपा के विभिन्न मोर्चों की जिला कार्यकारिणी में शेरकोट मंडल निवासी कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बनाए जाने पर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता बैंक ऑफ बड़ौदा चौक पर जमा हुए और यहां से ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में नवनियुक्त जिला महामंत्री किसान मोर्चा अवनीश चौहान, जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा अभिषेक कोहली, किसान मोर्चा के जिला सह-संयोजक सोशल मीडिया संजीव राजपूत और पिछड़ा मोर्चा के जिला कार्यालय मंत्री प्रदीप यादव को समारोह स्थल तक ले जाया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजक पंडित शरदचन्द्र शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों व अतिथियों का पगड़ी पहनाकर माल्यार्पण कर गर्मजोशी से भव्य स्वागत।

इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत कर उन्हें नये दायित्व की बधाई दी। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठाकुर संजय गहलौत, कामेश्वर राजपूत, पंडित कृष्ण कुमार कौशिक, अमित रस्तोगी, रणजीत सिंह, एमपी बक्शी, अचल कुमार आदि वक्ताओं ने भाजपा सरकार द्वारा बिना भेदभाव जनहित में किये जा रहे कार्यों और चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी चुनावों की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता ठाकुर संजय गहलौत ने की तथा संचालन डॉ. अरविंद ने किया। कार्यक्रम आयोजक शरदचन्द्र शर्मा ने सभी आगुंतुकओं का आभार व्यक्त किया।

छापा मारकर 40 हज़ार की आतिशबाजी पकड़ी

नगीना (चिंगारी)। पुलिस ने रविवार को मोहल्ला अंबेडकर नगर में छापेमारी कर करीब 40 हजार रुपये की आतिशबाजी बरामद की। पुलिस ने बरामद आतिशबाजी को कब्जे में ले लिया। पुलिस को मुखबिर से मोहल्ला अंबेडकर नगर में एक मकान में आतिशबाजी रखे होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर छापा मारा और वहां से करीब 40 हजार रुपये की आतिशबाजी बरामद की। पुलिस ने आतिशबाजी जब्त कर ली है। इस मामले में एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि पकड़ी गई आतिशबाजी के मामले में युवक से पूछताछ की जा रही है।

चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया

बिजनौर (चिंगारी)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल, जाटान में विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, नगर बिजनौर द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. मिताली आत्रेय वशिष्ठ (नेत्र चिकित्सक), डॉ. अभिषेक सहरावत (दंत चिकित्सक) एवं डॉ. सुमित विश्नोई (होम्योपैथिक चिकित्सक) ने प्रात: 10 बजे से दोपहर एक बजे तक लगभग सौ मरीजों का परीक्षण किया। कैंप में प्रधानाचार्य राजीव वर्मा, अन्य स्टाफ एवं पूर्व छात्र परिषद के सदस्य पवित्र आर्य, विवेक पाल, अमित चौधरी, पंकज विश्नोई एवं नगर संयोजक सजल अग्रवाल की सक्रिय सहभागिता रही।



अवैध खनन के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई

34 डंपर, एक पोलेन व लोडर सीज

बढ़ापुर (चिंगारी)। बढ़ापुर पुलिस ने खनन माफियाओं के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए 34 डंपरों को कब्जे में लेकर खनन सामग्री से भरे सात डंपरों, एक पोकलेन व एक लोडर को सीज किया गया है, जबकि 27 खाली डंपरों का चालान किया गया है। पुलिस कि इस कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

खौ नदी में प्रतिवर्ष बड़े पैमाने पर अवैध खनन का कार्य चलता रहता है। मानसून खत्म होते ही खौ नदी से प्रतिदिन लाखों रुपए की खनन सामग्री निकाली जाती है। अवैध खनन के इस कार्य में सैकड़ो डंपर और पोकलेन लगी रहती है। खनन माफिया एकाध पट्टे की आड़ में प्रतिदिन नदी का सीना चीरकर लाखों के वारे-न्यारे करते रहते हैं। बताया जाता है कि शनिवार की रात्रि बढ़ापुर पुलिस को खौ नदी में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष बढ़ापुर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे जहां बड़े पैमाने पर खनन कार्य में लगे मौके पर मौजूद 34 डंपरों को अपने कब्जे में लिया गया। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल के बाद खनन सामग्री से लदे 7 डंपर, एक पोकलेन व एक लोडर सहित कुल 9 वाहनों को सीज किया गया है, जबकि 27 खाली डंपरों के चालान काटे गए हैं। पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर की गई इस कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि रात में अवैध खनन की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। वहां कुल 34 डंपर मिले, जिनमें से 27 डंपर खाली थे जिनके चालान किए गए हैं, जबकि खनन सामग्री से लदे 7 डंपरों को सीज किया गया है। इसके अलावा एक पोकलेन व एक लोडर को भी सीज किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।



चार दलों ने मिलकर बनाया 'कर्पूरी मोर्चा'

लखनऊ/मेरठ (चिंगारी)। मेरठ की क्रांतिधरा से अतिपिछड़े, अतिदलित और वंचित समाजों की राजनीतिक ताकत को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से चार राजनीतिक दलों ने संयुक्त रूप से 'कर्पूरी मोर्चा' के गठन का ऐलान किया है। मोर्चे ने सामाजिक न्याय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर देवेन्द्र कश्यप को उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है। मोर्चे ने आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने और अतिपिछड़े-अतिदलित समाज को सत्ता के केंद्र तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।



सत्ता में भागीदार बनेगा अतिपिछड़ा समाज -विनेश ठाकुर 'कर्पूरी'

इंडियन जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दैनिक विधान केसरी के सम्पादक विनेश ठाकुर 'कर्पूरी' ने कहा कि आजादी के लगभग आठ दशक बाद भी अतिपिछड़ी और अतिदलित जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिल सकी है। भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस सहित तमाम बड़े राजनीतिक दलों ने इन समाजों के वोट तो हासिल किए, लेकिन सत्ता और नेतृत्व में उचित भागीदारी देने के सवाल पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने दोटूक कहा, अब हमें टिकट मांगने वाले नहीं, टिकट बांटने वाले बनना है। जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के सिद्धांत पर आगे बढ़कर अपनी राजनीतिक ताकत खड़ी करनी होगी। बड़े दलों के भरोसे सत्ता में भागीदारी का सपना देखने के बजाय हमें अपने नेतृत्व में सरकार बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी

मेरठ से कर्पूरी मोर्चे के गठन की घोषणा को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले वंचित समाजों की राजनीतिक एकजुटता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। मोर्चे के नेताओं का दावा है कि पाल, प्रजापति, सैनी, कश्यप, निषाद, मौर्य, कुशवाहा, शाक्य, विश्वकर्मा, सैन-सविता, नंदवंशी, लोधी, गुर्जर और विभिन्न अतिदलित समाजों को एकजुट करके प्रदेश में मजबूत राजनीतिक विकल्प तैयार किया जाएगा। मेरठ में आयोजित इस महत्वपूर्ण राजनीतिक कार्यक्रम में इंडियन जनसेवा दल के जिलाध्यक्ष संजय सैन, स्टेट कोऑर्डिनेटर उमेश नंदवंशी, जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश सैन, सूरज सैन, सुभाष सैनी, बुद्ध प्रकाश सैनी, सामाजिक न्याय पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश तुरैहा तथा इंजीनियर देवेन्द्र कश्यप सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किसी एक जाति का मंच नहीं -देवेन्द्र कश्यप

कर्पूरी मोर्चा की ओर से मुख्यमंत्री पद के घोषित चेहरे इंजीनियर देवेन्द्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पाल, बघेल, प्रजापति, कश्यप, निषाद, सैनी, मौर्य, कुशवाहा, शाक्य, विश्वकर्मा, सैन, सविता, नंदवंशी, लोधी, गुर्जर सहित अनेक अतिपिछड़ी और अतिदलित जातियों की बड़ी आबादी है। इसके बावजूद राजनीतिक सत्ता और नेतृत्व में इन समाजों को अपेक्षित अवसर नहीं मिल पाए हैं। उन्होंने कहा कि कर्पूरी मोर्चा किसी एक जाति या व्यक्ति का मंच नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान सम्मान और राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले सभी वंचित समाजों का साझा राजनीतिक विकल्प बनेगा।

रवा राजपूत संघ का परिवार मिलन समारोह सम्पन्न



बिजनौर (चिंगारी)। रवा राजपूत संघ बिजनौर ने किरन उत्सव मण्डप बिजनौर में 11 वां परिवार मिलन समारोह आयोजित किया। परिवार मिलन समारोह की अध्यक्षता योगेश राजपूत एवम् संचालन विनीत राजपूत ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पुनीत राजपूत, कोमल सिंह राजपूत, घनश्याम सिंह राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष योगेश राजपूत ने कहा कि हमारे समाज का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है और हमें उस पर गर्व है। कार्यक्रम में यू.के.जी से मास्टर्स डिग्री तक के बच्चों को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विनीत राजपूत ने कहा कि हमें अपने समाज से कुरीतियों को दूर करना है और युवा पीढ़ी से संवाद को और बढ़ाना है और उनका मार्गदर्शन करते हुए उनको ऊंचाइयां प्राप्त करने को प्रेरित करना, जिससे समाज का मान-सम्मान और गौरव बढ़े। कार्यक्रम में डा. मनीष कुमार, विवेक राजपूत,अजय कृष्ण राजपूत,अवनीश राजपूत, सचिन राजपूत, जिवेन्द्र राजपूत,उमेश राजपूत, पवन कुमार राजपूत, देवेन्द्र राजपूत, संजीव राजपूत,डा. सुरेश चन्द राजपूत, प्रदीप राजपूत, अनिल मंगोल, संजय राजपूत, अवनीश गांगियाम, अरूण राजपूत, सुधीर कुमार, ललित राजपूत, योगेन्द्र सिंह, विपिन कुमार, चक्रेश कुमार राजपूत, देवेन्द्र कुमार राजपूत, विनोद कुमार, सर्वेश कुमार, महिपाल सिंह, प्रशांत कुमार, सचिन राजपूत, मोहित राजपूत, रणवीर राजपूत, शशांक राजपूत, राहुल कुमार राजपूत, योगेन्द्र सिंह, गजेन्द्र राजपूत, अश्विनी राजपूत आदि उपस्थित रहे।

जनशताब्दी कार्यक्रम की सफलता के लिए विशेष यज्ञ

बिजनौर (चिंगारी)। कल गायत्री शक्तिपीठ, बिजनौर में गायत्री यज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। यज्ञ का संचालन मंचासीन हुकुम सिंह शास्त्री ने कराया। इस अवसर पर श्री हुकुम सिंह शास्त्री ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रहे जनशताब्दी कार्यक्रम की सफलता एवं निर्विघ्न संपन्नता की कामना के लिए आज यज्ञ में विशेष आहुतियां अर्पित कराई गईं। कार्यक्रम के मुख्य यजमान ओमपाल सिंह रहे। यज्ञ के दौरान सभी ने विश्व कल्याण एवं कार्यक्रम की सफलता की मंगलकामना की। कार्यक्रम में हुकुम सिंह, ओमपाल सिंह, प्रेमप्रताप सिंह, सुरेश गुप्ता, रामपाल सिंह, कमलेश शर्मा, कुशाग्र, प्रीति, दीप्ति सहित अनेक गायत्री परिजन उपस्थित रहे।



फिल्म 'श्याम सरकार' के लिये 11 कलाकारों का चयन

बिजनौर (चिंगारी)। फिल्म 'श्याम सरकार' की शूटिंग के लिए ऑडिशन लिया गया, जिसमें जनपद और गैर जनपद के सैकड़ों कलाकारों ने भाग लिया, जिनमें से 12 कलाकारों का चयन किया गया। चयनित कलाकारों में सौरभ त्यागी कोतवाली देहात, शिखा रानी नई बस्ती बिजनौर, नमन राजपूत किरतपुर, यशिका शर्मा हल्दौर, नायला खान, मताहीर खान, यूसरा खान, हादी खान, ज्योति प्रजापति, पूनम सक्सेना, कपिल सैनी और शगुन सतला शामिल है। फिल्म की शूटिंग लगातार चल रही है। जिसमें बॉलीवुड कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जा रहा है, गत दिनों नगीना में श्याम बाबा की आरती की शूटिंग की गई। अब शीघ्र ही नजीबाबाद में शूटिंग की जाएगी। जिसमें सुशील गुप्ता और बिजनौर की यूट्यूबर एकता शर्मा और सक्षम राणा का चयन पहले ही जो चुका है।



श्रद्धापूर्वक मनाया गुरू रामदास जी का प्रकाश पर्व

बिजनौर (चिंगारी)। श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व आज पुरातन गुरुद्वारा साहिब, रेलवे स्टेशन रोड, बिजनौर में बड़ी श्रद्धा और प्यार के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समस्त संगत एवं श्री सुखमनी सेवा सोसाइटी के सहयोग से आयोजित किया गया। तीन दिन से चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के उपरांत रागी जत्था जसबीर सिंह, पांवटा साहिब वालों ने गुरबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। इसके उपरांत अरदास साहिब हुई और गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। मंच संचालन प्रबंधक मानवेंद्र सिंह विक्की द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फलोदिया, उपाध्यक्ष हरचरण सिंह, कोषाध्यक्ष हरमीत सिंह निराला, सुखमनी सेवा सोसाइटी की प्रधान रीनू कौर, रोशनी कौर, बीबी जितेंद्र कौर, अनीता कौर, गुरुद्वारा सुधार कमेटी के प्रधान विजयपाल सिंह, राजेश सिंह, प्रदीप सिंह, देवेंद्र सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।



राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ें यूथ
जयंत चौधरी के हाथ करें मजबूत

अंकुल चौधरी ने गांवों में की जनसभाएं

चांदपुर (चिंगारी)। युवा रालोद नेता अंकुल चौधरी द्वारा क्षेत्र के ग्राम बुचानांगल एवं ग्राम पावटी में राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को 'बूथ स्तर पर मजबूत बनाने' और युवाओं को संगठन में आगे बढ़ने के उद्देश्य से बैठकें आयोजित की गईं। इस अवसर पर अंकुल चौधरी ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी जयंत सिंह के हाथों को मजबूत करने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। बैठक की अध्यक्षता सूरज सिंह ने की तथा संचालन डॉ. नरदेव सिंह चौहान ने किया। बैठक में हरपाल



सिंह, वीर सिंह, दिनेश कुमार, विक्की चौधरी, पप्पू चौधरी, ओमिंदर प्रजापति, बंटी प्रधान (हरिजन), मा. जयसिंह, सुरिंदर सिंह यादव, वीरेंद्र सिंह यादव, डॉ. सुरेश चौधरी, कल्याण सिंह यादव, रामचंद सिंह यादव, नरेंद्र सिंह यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्राम पावटी में बैठक की अध्यक्षता ऋषिपाल सिंह ने की तथा संचालन मा. धर्मपाल सिंह एवं डॉ. नरदेव सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से किया। बैठक के आयोजक नैपाल सिंह (पूर्व सेक्रेट्री) रहे। बैठक में योगेंद्र गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, चौधरी धर्मपाल सिंह, चौधरी नेपाल सिंह, चौधरी कौशल कुमार, अनुज कुमार, काशीराम, सुरेश कुमार, महेंद्र सिंह, अकबर मलिक, आलम मलिक, आबिद अंसारी, अरमान मलिक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

देश की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई



अफजलगढ़ (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद कार्यालय में शनिवार को लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष तबस्सुम जावेद ने सभासदों और पालिका कर्मचारियों को देश की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष तबस्सुम जावेद सहित सभासद मुकीब खान सूरी, कादिर अंसारी, मौहम्मद इमरोज, सभासद पति मौहम्मद दिलशाद, कलवा कुरैशी समेत पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। पालिका अध्यक्ष तबस्सुम जावेद ने सभी को राष्ट्रीय अखंडता की शपथ दिलाते हुए देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा आपसी भाईचारा और सद्भाव को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाकर ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों को निभाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

चांदपुर (चिंगारी)। बीती रात चांदपुर-धनौरा रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली व मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार अर्जुन पुत्र छज्जू व रीना पत्नी चमन सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गये। शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने पुलकित शर्मा, अजय भटनागर व सोनू के सहयोग से उपचार के लिए नगर के नूरपुर रोड स्थित जीवन ज्योति अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डा. मोहित चौधरी ने घायलों का उपचार किया।

सही का साथ देते हैं जाट, हमारे लिये सर्वोपरि राष्ट्र - डा. लाखन सिंह



चांदपुर (चिंगारी)। जाट जागरण समिति की मासिक बैठक में समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया।

समिति के अध्यक्ष डा. विकास तोमर के आवास पर हुई बैठक में समिति के संरक्षक डा. लाखन सिंह चौधरी ने जाट समाज की एकजुटता पर बल दिया तथा नई पीढ़ी को सुझाव दिया कि हमें सभी वर्गों व धर्मों को साथ लेकर चलना चाहिए, उन्होंने कहा कि जाट जाति का इतिहास हमेशा से गौरवान्वित करने वाला रहा है। हमारी कौम ने हमेशा सही का साथ दिया है। हम सभी वर्गों व धर्मों को समान रूप से साथ लेकर चलेंगे, तभी देश का विकास संभव है। जाट जागरण समिति द्वारा शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की भी संरक्षकों द्वारा सराहना की गई। बैठक में लाखन चौधरी, डा. महेंद्र मलिक, जयपाल सिंह, अजय तोमर, जयविंद, डा. विकास तोमर, डा. संदीप चौधरी, डा. कपिल कुमार, डा. सुयश चौधरी, एड. बादल तोमर, विकल्प तोमर, रूप सिंह, आकाश राणा, फ़ौजी अरविंद लांबा, फ़ौजी यशपाल सिंह आदि सदस्यों ने भाग लिया।

हेलमेट को लेकर गांधीगीरी की



चांदपुर (चिंगारी)। ट्रैफिक इंस्पेक्टर रवि नैन ने गांधी गीरी करते हुए बिना हेलमेट लगाये दुपहिया वाहन चलाने वाले लोगों को माला पहनाकर दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाये जाने का अनुरोध किया, ताकि बढ़ती सड़क दुघर्टनाओं की रोकथाम की जा सके। ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने चौपहिया वाहन चालकों से वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, तेजगति से वाहन न चलाने तथा यातायात के नियमों का पालन करने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह, मुकेश लांबा, सोबित गुर्जर, दिनेश तोमर व प्रियांसु आदि भी मौजूद रहे।

स्कूल में हुआ क्षमता संवर्धन कार्यक्रम



किरतपुर (चिंगारी)। आर.के. इंटरनेशनल स्कूल, किरतपुर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में श्री टीकम सिंह, वाइस प्रिंसिपल, आर.आर. पब्लिक स्कूल, नूरपुर तथा मिस कविता जोसेफ, प्रिंसिपल, सेंट मैरीज़ स्कूल, धामपुर उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और समग्र कल्याण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति के साथ-साथ उनके मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन विश्नोई ने दोनों रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त किया।

रसोइयों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

कस्बा इंचार्ज दरोगा अजीत सिंह को ज्ञापन देते हुए रसोइया।



किरतपुर (चिंगारी)। प्रगति शील रसोईया संगठन ने अपनी मांगों को लेकर नगर किरतपुर में जोरदार प्रदर्शन कर कस्बा इंचार्ज अजीत सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित मांग-पत्र सौंपा। कल मोहल्ला काजियान स्थित सभा के कार्यालय पर रसोइया इकट्ठा हुईं, जहां पर जिलाध्यक्ष रेखा की अध्यक्षता एवं बबीता शर्मा के संचालन में सभा का आयोजन किया गया। सभा में रसोइयों ने कहा कि वह इतनी मेहनत करती हैं, जिसका मानदेय उन्हें नहीं मिलता। उन्हें सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए, न्यूनतम वेतन लागू हो और इस समय कम से कम 18000 रुपए उन्हें मानदेय दिया जाए, मनमाने तरीके से रसोइयों को विद्यालय से न हटाया जाए और जो उनका रुका हुआ मानदेय है, दीपावली से पहले सरकार उन्हें दे और साथ में बोनस भी दिया जाए। हर वर्ष रसोइयों का नवीनीकरण के नाम पर जो उत्पीड़न किया जाता है, उस पर रोक लगाई जाए। उसके बाद जुलूस की शक्ल में रेखा, बबीता शर्मा, तबस्सुम, जमीर नूरी, शबनम, पूजा शर्मा, लीलावती, दयावती, कमर जहां, अनीता, नजरा, अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन, सभा के जिला सचिव सुभाष चंद्र के नेतृत्व में बी बाजार, अंबेडकर मूर्ति, जैन चौराहा, सरकारी अस्पताल से होते हुए थाना किरतपुर पहुंचे, जहां पर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग-पत्र कस्बा इंचार्ज अजीत सिंह को दिया।

भारत को विश्व गुरू बनाने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण : हठयोगी

गोहावर में दीपोत्सव मिलन समारोह आयोजित

नूरपूर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव गोहावर स्थित श्रीराम संतोष गार्डन में रविवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दीपोत्सव मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सनातन संस्कृति, भारतीय परंपराओं, आध्यात्मिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा हठयोगी तथा विशिष्ट अतिथि कथा व्यास श्री रविशंकर श्रृंगी महाराज रहे। दोनों संतों ने सनातन धर्म की महत्ता और भारतीय संस्कृति के मूल आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



इंजीनियर कवीश राणा तलवार भेंट करते हुए।

कार्यक्रम में इंजीनियर कवीश राणा ने मुख्य अतिथि बाबा हठयोगी और विशिष्ट अतिथि श्री रविशंकर श्रृंगी महाराज का माल्यार्पण कर तथा तलवार भेंटकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि बाबा हठयोगी ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए समाज में राष्ट्र प्रथम की भावना, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने प्राचीन गुरुकुल और वेद पाठशालाओं की शिक्षा व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार विद्यार्थी संस्कारों और अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करते थे, उसी प्रकार आज की पीढ़ी को भी अपने दैनिक जीवन में भारतीय संस्कारों को अपनाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपनी नेतृत्व क्षमता पहचानने और समाज व राष्ट्र के निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि कथा व्यास श्री रविशंकर श्रृंगी महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श शासक और आदर्श मानव बनने की प्रेरणा देता है। रामचरित से हमें माता-पिता और बड़ों का सम्मान, छोटों के प्रति स्नेह, विनम्रता, त्याग और क्षमा जैसे गुण सीखने चाहिए। कार्यक्रम आयोजक इंजीनियर कवीश राणा ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। संचालन शुभम वालिया ने किया। इस अवसर पर जगेंद्र दत्त शर्मा, राजेंद्र चौधरी, अनिल पांडे, अनूप गौड़, धर्म अवतार वर्मा, डॉ. प्रमोद चौहान, एडवोकेट विवेक सरोहा, विवेक निर्मल, प्रेमवीर सिंह, विपिन कुमार, तरुण चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

चिकित्सक थे बाइक पर सवार टक्कर मार कार चालक फरार

नहटौर (चिंगारी)। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार चिकित्सक को टक्कर मार दी, जिससे चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गये। वही आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। हल्दौर चौराहे के गणपति मार्केट निवासी डॉ. अशोक शर्मा देर रात्रि को बाइक से कोतवाली की ओर जा रहे थे। पीएचसी के पास सामने से आयी तेज रफ्तार कार के चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे डॉ. अशोक शर्मा गंभीर घायल हो गये। वही आरोपी चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। लोगों ने घायल डॉ. अशोक शर्मा को उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉ. अशोक शर्मा के पुत्र अमित कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।


घायल डॉक्टर अशोक शर्मा

हाजी नज़ीर गामा का इंतकाल

अफजलगढ़ (चिंगारी)। ग्राम रसूलपुर निवासी हाजी नजीर अहमद उर्फ गामा का लम्बी बीमारी के बाद शनिवार की शाम इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर मिलते ही पूरे गांव में गम की लहर दौड़ गई। मरहूम हाजी नजीर अहमद निहायत खुश-अखलाक, गरीब-परवर और मिलनसार शख्सियत के मालिक थे। वह सामाजिक कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते थे। गांव और आसपास के इलाके में वह अपनी नेकनामी और खुश-मिजाजी के लिए जाने जाते थे। वह मौजूदा ग्राम प्रधान रईस अहमद के ताये थे। मरहूम की नमाज-ए-जनाजा मदरसा फैजुल उलूम के मोहतमिम मौलाना शफीक अहमद कासमी ने अदा कराई। नमाज-ए-जनाजा के बाद मरहूम को उनके आबाई कब्रिस्तान में नम आंखों के साथ सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।


फाइल फोटो

विद्युत ट्रांसफार्मर के नीचे पड़ा कूड़ा हादसे को दे रहा दावत



नहटौर (चिंगारी)। मोहल्ला जोशियान में धामपुर रोड पर लगे विद्युत ट्रांसफार्मर के नीचे कूड़ा डालने से बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहल्ले के कुछ लोग ट्रांसफार्मर के नीचे ही कूड़ा फेंक देते हैं। कूड़े के ढेर पर आवारा जानवर पहुंचकर कूड़ा खाते हैं। कूड़े में पॉलिथीन और सूखा कचरा होने से ट्रांसफार्मर में आग लगने का भी डर है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई नहीं हुई। नागरिकों ने नगर पालिका और विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर के नीचे से कूड़ा हटवाने, सफाई कराने और कूड़ा डालने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके। उपखंड अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि नगर पालिका को लेटर भेजकर कार्यवाही करने की मांग कही है और नागरिक भी ट्रांसफार्मर के नीचे कुंडा नहीं डाले।

हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर बच्चा झुलसा

शेरकोट (चिंगारी)। रविवार की दोपहर हाइटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर करंट लगने से एक बच्चा गम्भीर रूप से झुलस गया। बच्चे को उपचार के लिए धामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कल नगर के मुहल्ला खुराड़ा निवासी इलियास अहमद के घर देहरादून से कुछ मेहमान आये थे। बताया जाता है कि सात वर्षीय हुजैफा पुत्र मौ. शादाब अन्य बच्चों के साथ मकान की छत पर खेल रहा था। इस दौरान हुजैफा पास से गुजर रही हाइटेंशन लाइन की चपेट आ गया, जिससे तेज करंट लगने से बच्चे का एक हाथ और पैर गम्भीर रूप से झुलस गया। इस घटना से घर में हड़कंप मच गया और परिजन आनन-फानन में बच्चे को लेकर उपचार हेतु धामपुर के लिए दौड़ पड़े। बताया जाता है कि परिजन धामपुर में प्राथमिक उपचार दिलाने के कुछ देर बाद बच्चे को अपने साथ देहरादून ले गए। इस घटना से जहां कुछ देर के लिए परिजनों में हड़कंप मच गया वहां मुहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।

बदहाल मार्ग पर नहीं दिया किसी ने ध्यान ग्रामीणों ने मिलकर स्वयं ही किया श्रमदान

नहटौर (चिंगारी)। शासन-प्रशासन की उपेक्षा के चलते ग्राम फिरोजपुर से नहटौर-मंडोरी लिंक मार्ग तक जाने वाला सवा किलोमीटर का कच्चा रास्ता बदहाल पड़ा है। जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने श्रमदान कर कीचड़ और पानी साफ किया। गन्ना समिति के डायरेक्टर कृष्णगोपाल सिंह के नेतृत्व में वीरेंद्र सिंह, शुभम कुमार, सुभाष चंद्र, नरेश कुमार, कपिल कुमार सहित दर्जन भर ग्रामीणों ने गड्ढों में भरा बरसाती पानी बाल्टियों-तसलों से बाहर निकाला। रास्ते का कीचड़ साफ कर उसे चलने लायक बनाया। किसानों ने बताया कि यह रास्ता पेराई सीजन की लाइफ लाइन है। कीचड़ के कारण गन्ने से भरी ट्रॉलियां फंस रही हैं, पलटने का खतरा है। वर्षों से पक्का करने की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी या जनप्रतिनिधि सुनने को तैयार नही है। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में आया है। कार्य योजना में शामिल कर रास्ते को बनवाया जाएगा।

एलकेजी के छात्र बिलाल ने लकी ड्रा में जीती स्कूटी

नहटौर (चिंगारी)। वीके इंटरनेशनल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल नहटौर में वार्षिक मेले में हुए लक्की ड्रा में एलकेजी के छात्र मौ. बिलाल ने इलेक्ट्रोनिक स्कूटी प्राप्त की। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।

स्कूल में मेले के समापन पर आयोजित लक्की ड्रॉ विजेता की घोषणा की गई। जिसमें प्रथम पुरुस्कार 'स्कूटी' एलकेजी ए के छात्र मोहम्मद बिलाल ने प्राप्त की। द्वितीय पुरुस्कार 'वाशिंग मशीन' संगीता राजपूत (धामपुर) ने तथा तृतीय पुरुस्कार 'माइक्रोवेव' शायका शकील ने प्राप्त किया। इनके अलावा लकी ड्रॉ के माध्यम से सांत्वना पुरुस्कार से 8 सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। स्कूल चेयरमैन साहू सुधीर अग्रवाल, एमडी शिल्पी अग्रवाल, ईडी प्रार्थना अग्रवाल, सरिता अग्रवाल प्रिंसिपल प्रेरणा चौधरी ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन समाना नकवी व हेड गर्ल प्रांजल जैन ने किया। कार्यक्रम को बनाने में समस्त स्कूल स्टाफ का योगदान रहा।





राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

मंगलवार, 03 नवम्बर 2026

मेष- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, आर्थिक स्थिति में सुधार, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, किसी योजना की शुरुआत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

वृषभ- समय असन्तोषजनक, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, वाद-विवाद से अड़चनें, मित्रों परिजनों से मतभेद, लाभ में कमी, परिवार में अनावश्यक खर्च, यात्रा असफल।

मिथुन- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक व्यय, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, इच्छा का विकास।

कर्क- मनोबल में वृद्धि, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, विचाराधीन योजना को कार्यरूप में परिणित, स्वाध्याय की ओर अभिरुचि, कुछेक मसला सुलझने की ओर।

सिंह- शुभ भावनाओं का उदय, बुद्धि-विवेक से कार्यों में सफलता, जटिल समस्याओं का समाधान, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, आनन्द की अनुभूति, धन की प्राप्ति।

कन्या- नवयोजना अधूरी, व्यावसायिक पक्ष के प्रति चिन्तित, वैवाहिक अड़चनें, आत्मिक शांति में कमी, द्रव्य की क्षति, स्व-निर्णय अहितकर, यात्रा असंतोषजनक।

तुला- व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कर्ज की अदायगी का प्रयास, जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ।

वृश्चिक- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, आत्मिक शांति।

धनु- समय संतोषजनक, मित्रों एवं परिजनों के माध्यम से कुछेक मसला हल होने को, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, पुराने विवाद का समापन पक्ष में, तनाव में कमी।

मकर- कार्यों में व्यवधान, पारिवारिक मतभेद उजागर, व्यवहार के प्रति लापरवाही, शारीरिक सुख में व्यतिक्रम, कर्ज की अधिकता, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चनें।

कुम्भ- सद्विचारों का उदय, विचारित कार्यों में सफलता, आनन्द की अनुभूति, मनोरंजन की ओर रुझान, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, विशिष्टजनों से सम्पर्क।

मीन- स्वास्थ्य सुधार पर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित, आत्मिक शांति।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

200 मीटर सड़क नदी में बह गई

पूंडरी के किसानों के सामने गंभीर संकट

नांगल सोती (चिंगारी)। बरसात में मालन नदी में आये जबरदस्त उफान के कारण कटे पूंडरी कलां-बरमपुर सम्पर्क मार्ग ने नदी पार की खेती करने वाले पूंडरी के किसानों के समक्ष विकट संकट उत्पन्न कर दिया है। 200 मीटर दूरी की सड़क नदी में बह गई है। मालन नदी के किनारे बसे ग्राम पूंडरी कलां के किसानों सुबोध राजपूत, दुष्यंत राजपूत, बिजेन्द्र सिंह, देवेन्द्र राजपूत, राजेश सिंह, विजय सिंह, मुकेश कुमार, सुभाष सिंह, मेनपाल सिंह, राजकुमार आदि की कृषि भूमि नदी के पार स्थित है। हर वर्ष बरसात में नदी पार की खेती करने वाले किसानों के सम्मुख खेतों तक पहुंचने की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है, क्योंकि नदी पर पुल नहीं है। बरसात में मालन ने ऐसा रौद्र रूप दिखाया कि लगभग 200 मीटर की दूरी तक पूंडरी कलां-बरमपुर संपर्क मार्ग का आधा हिस्सा नदी में बह गया है।



मालन नदी द्वारा पूंडरी में काटी गई सड़क

इससे नदी पार के खेतों के स्वामी किसानों के सम्मुख रास्ते की विकट समस्या आ खड़ी हुई है। किसान नदी से बुग्गियां, ट्रैक्टर निकालकर एक वैकल्पिक चकरोड से होते हुए अपने खेतों तक पहुंच रहे हैं। दुष्यंत राजपूत ने बताया कि उक्त चकरोड भी अच्छी स्थिति में नहीं है, वहां से बुग्गियां, ट्रैक्टर निकालने में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कोई कार्ययोजना नहीं

अधीक्षण अभियंता मुरादाबाद राजीव मित्तल के साथ वहां का स्थलीय निरीक्षण किया गया था। सड़क की सुरक्षा के लिये तटबंध निर्माण का प्रपोजल बनाया गया था, मगर उसे विभागीय अनुमति नहीं मिल सकी है। वर्तमान में वहां के लिये कोई कार्ययोजना प्रस्तावित नहीं है।

-अरुण सचदेवा, अधिशासी अभियंता, अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर

पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद, पुलिस के पहुंचने पर हो गया समाप्त

नजीबाबाद (चिंगारी)। डबल फाटक के नीचे पैसों के लेनदेन को लेकर दूध का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति व दो अन्य लोगों के बीच रविवार को दोपहर कहासुनी हो गई। विवाद की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार ग्राम दौलताबाद निवासी महबूब अहमद दूध बेचने का कारोबार करते हैं। रविवार दोपहर वह नगर के डबल फाटक के नीचे बनी सीढ़ियों से होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद दो व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर बातचीत शुरू हुई, जो देखते ही देखते कहासुनी में बदल गई। घटना के बाद महबूब अहमद ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संबंधित पक्षों से घटना के संबंध में जानकारी ली। हालांकि, पुलिस के मौके पर पहुंचने के कुछ देर बाद ही दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया।

महात्मा गांधी इंटर कॉलेज मण्डावर की बालिकाओं ने जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया

बिजनौर (चिंगारी)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर में आयोजित जनपद स्तरीय रोल प्ले प्रतियोगिता 2026 में विद्यालय की छात्राओं ने जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्राओं की इस सफलता पर पूरे विद्यालय में खुशी का वातावरण है। विद्यालय की शिक्षिका संजुल त्यागी ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं इल्मा परवीन, अलीज़ा, सुहानी, मरियम सिद्दीकी, हुदा परवीन ने लिंग भेदभाव विषय पर आधारित नाट्य प्रस्तुत कर प्रांगण में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, निर्णायक मण्डल व अन्य सभी लोगों का मन मोह लिया। छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक मनोज भारद्वाज ने पूरी टीम को बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मोहित शर्मा ने कहा कि यह सभी छात्राओं व उनकी मार्गदर्शक संजुल त्यागी के कठिन परिश्रम का ही परिणाम है, जिन्होंने बहुत ही कम समय में तैयारी कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने सभी छात्राओं शिक्षिका संजुल त्यागी व सहयोगी अनिल कुमार को इस उपलब्धि के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं दीं व सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



'सत्य निष्ठा से समृद्धि' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रमा जैन कन्या महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151 वीं जयंती के अवसर पर सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्य निष्ठा से समृद्धि विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अलफिशा, मीनाक्षी, बेबी अक्शा, शीश, इकरा परवीन, अलीना, शिफा आदि स्वयं सेविकाओं एवं छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें इस प्रकार का आचरण अपनाना चाहिए कि हम भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दे सकें। छात्राओं को अपनी शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए व आसपास यदि कुछ गलत हो रहा है तो उसके विरुद्ध आत्मविश्वास के साथ आवाज भी उठानी चाहिए। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए एक छात्राओं ने कहा कि वह एकता के प्रतीक हैं। प्रतियोगिता में इकरा परवीन प्रथम, अल्फिशा व बेबी अक्षा क्रमशः



दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रही। अर्थशास्त्र प्रवक्ता डॉ. सविता वर्मा ने कहा कि मंच पर आकर अभिव्यक्ति देना अपने आप में एक बहुत सराहनीय कार्य होता है। इसलिए छात्राओं को पूरे आत्मविश्वास के साथ कॉलेज में होने वाले कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभागिता देनी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल ने छात्राओं को नकारात्मक एवं निष्क्रिय व्यवहार को छोड़कर सकारात्मक रवैया के साथ अपने व्यक्तित्व निर्माण की प्रेरणा दी। महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने छात्राओं से हृदय में राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्र सेवा की भावना को संजोए रखने के लिए कहा। प्राचार्य डॉ. मृदुला त्यागी ने कहां कि हमें अपने व्यवहार में सतर्कता रखनी चाहिए व सदैव जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा चौहान, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी आदि उपस्थित रही।

आईएचएमएस खेल ओलम्पियाड में अर्जुन हाउस चैम्पियन घोषित

कोटद्वार (चिंगारी)। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज आईएचएमएस की वार्षिक खेल प्रतियोगिता ओलंपियाड अर्जुन हाउस के नाम रहा। बतौर मुख्य अतिथि कोटद्वार कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन बैडमिंटन, वालीबॉल और रस्सा कसी प्रतियोगिता के फाइनल मैच खेले गए। अंतिम दिन के खेलों का कोटद्वार कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न हाउस के खिलाड़ियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि खेल से लेकर करियर, जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन जरुरी है।



प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालिका वर्ग की बैडमिंटन डबल्स में गंभीर हाउस ने प्रथम, अर्जुन हाउस ने द्वितीय और प्रफुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉलीबॉल बालिका वर्ग में अर्जुन हाउस ने गंभी हाउस को हराया। प्रतियोगिता का आकर्षण रस्सा कसी प्रतियोगिता रही। जिसमें खिलाड़ियों ने जीत के लिए दमखम दिखाया। रस्सा कसी के बालक वर्ग में अर्जुन हाउस ने प्रफुल हाउस को हराया, जबकि बालिका वर्ग में भी अर्जुन हाउस ने गंभीर हाउस को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता में प्रर्दशन के आधार पर अर्जुन हाउस सर्वाधिक 190 अंक लाकर आईएचएमएस ओलंपियाड का चैंपियन बना। 103 अंक के साथ प्रफुल हाउस उप विजेता रहा, 98 अंक लाकर गंभीर हाउस तीसरे, जबकि 69 अंक के साथ गोपाल हाउस चौथे स्थान पर रहा। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी, प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, खेल समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर अंकित कुकरेती, मैनेजमेंट विभाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जगवान, कंप्यूर साइंस विभाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, होटल मैनेजमेंट विभाध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर सहित कालेज के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

समाज कल्याण विभाग ने बहुउद्देशीय शिविर लगाया बोक्सा जनजाति के लोगों को सेवाओं का लाभ दिलाया

कोटद्वार (चिंगारी)। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा कोटद्वार के हल्दूखाता स्थित बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर बोक्सा जनजाति के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

उपजिलाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में उद्यान विभाग द्वारा 20 लाभार्थियों को नि:शुल्क सब्जी बीज वितरित किए गए, जबकि कृषि विभाग ने 7 लोगों को कृषि यंत्र उपलब्ध कराए। दो लाभार्थियों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाया गया तथा 20 लोगों के आधार कार्ड बनाए गए। शिविर में प्राप्त समस्याओं में से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया। उपजिलाधिकारी ने विभागों को शेष समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए। शिविर में बोक्सा जनजाति की प्रतिनिधि प्रभा देवी एवं महेंद्र सिंह ने बारातघर और पीएम जनमन हॉस्टल के संचालन में स्थानीय लोगों की सहभागिता बढ़ाने तथा उन्हें रोजगार के अवसरों से जोड़ने का सुझाव दिया। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक राजेन्द्र सिंह पाल ने पीएम जनमन आवासीय छात्रावास की सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं संचालन संबंधी जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन सहायक समाज कल्याण अधिकारी संजीव पाल ने किया। शिविर में तहसीलदार राजेन्द्र सनवाल, नगर निगम पार्षद जेपी बहुखण्डी एवं मनीष नैथानी, सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा, विद्यालय की प्रधानाचार्या कंचन रावत सहित उद्यान, राजस्व, कृषि, बाल विकास, पेयजल, विद्युत एवं पूर्ति विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

लालढांग वन रेंज के स्टोररूम से हाथी के दांत गायब होने से महकमे में हड़कंप

कोटद्वार (चिंगारी)। लैंसडौन वन प्रभाग के लालढांग रेंज के स्टोर रूम से हाथी के दांत गायब होने के बाद से वन महकमे में हड़कंप मच गया है। अभिलेखों में दर्ज और मौके पर उपलब्ध हाथी दांतों का मिलान नहीं होने से वन विभाग सकते में है। लैंसडौन वन प्रभाग का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग के डीएफओ तरुण एस. और अन्य अधिकारियों ने लालढांग रेंज में डेरा डाल दिया है। पूरी टीम संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी और चेकिंग कर रही है। जानकारी के अनुसार प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव नीना ग्रेवाल ने कुछ समय पहले सभी वन प्रभागों में पत्र भेजकर वन क्षेत्रों में बरामद और प्राकृतिक रूप से टूटे मिले हाथी दांतों का सत्यापन करने के निर्देश दिए थे। पत्र में कहा गया था कि अलग-अलग स्थानों पर रखे गए हाथी दांतों का एक जगह अभिलेखीय मिलान किया जाए और इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। इसी क्रम में लालढांग रेंज के स्टॉक की जांच के दौरान अभिलेखों में दर्ज और मौके पर उपलब्ध दांतों का मिलान नहीं हो पाया। तब से विभाग में खलबली मची हुई है। अधिकारी और कर्मचारी मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच में जुट गए हैं। माना जा रहा है कि कुछ दिन पहले विभाग के स्टोर को शिफ्ट किया गया है, ऐसे में सामान शिफ्ट करने के दौरान हाथी दांत के किसी दूसरी जगह पर रखे होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, लेकिन अभी तक स्थिति साफ नहीं हुई है। कितने हाथी दांत गायब हैं, उनका वजन कितना है, इन सवालों का जवाब भी नहीं मिल पाया है।

जांच अधिकारी बोले-

मामले की जांच कर रहे डीएफओ तरुण एस. ने बताया कि कुछ समय पहले लालढांग रेंज में स्टोर रूम को अन्य स्थान पर शिफ्ट किया गया था, इस दौरान कुछ सामान भी शिफ्ट किया गया था। संभवत: इस दौरान हाथी दांत को कहीं रख दिया गया होगा। फिलहाल स्टोर रूम और रेंज कार्यालय की जांच चल रही है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया, उविस ने तीव्र रोष जताया

कोटद्वार (चिंगारी)। उत्तराखंड विकास समिति ने आश्वासन के बाद भी कोटद्वार में मेडिकल कालेज निर्माण नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि वर्तमान में कालेज के लिए चिह्नित भूमि अवैध खनन की भेंट चढ़ चुकी है। इस संबंध में समिति अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला सहित अन्य प्रबुद्ध जनों की ओर से रविवार को मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2015 में कोटद्वार के हल्दूखाता के लछपुर में मेडिकल कालेज निर्माण के लिए 12.87 हे. भूमि चिह्नित की गई। लेकिन, आज तक धरातल पर मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो पाया है, उल्टे खननकारियों ने उक्त भूमि पर खनन कर उसे खड्ढे के रूप में तब्दील कर दिया है। पत्र में उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर जल्द से जल्द धरातल पर मेडिकल कॉलेज निर्माण की कवायद शुरू की जानी चाहिए। पत्र प्रेषित करने वालों में विजय माहेश्वरी, जेके बड़थ्वाल, विपुल उनियाल, कलावती बिष्ट, दुर्गा प्रसाद दुबे, बृजमोहन ममगाई और रविंद्र सिंह रावत आदि शामिल रहे।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

दिल्ली के कलाकारों ने किया गढ़वाली नाटक 'मधु मण्डाण' का मंचन



नगर निगम के आडिटोरियम में मंचित गढ़वाली नाटक मधु मंडाण को देखने उमड़ी लोगों की भीड़।

कोटद्वार (चिंगारी)। राइजिंग उत्तराखंड फोरम कोटद्वार की पहल पर दिल्ली की संस्था दि हाई हिलर्स ग्रुप के कलाकारों द्वारा नगर निगम ऑडिटोरियम में ग्रुप अध्यक्ष डॉ. सतीश कलेश्वरी द्वारा लिखित व रमेश ठंगरियाल द्वारा निर्देशित गढ़वाली नाटक मधु मंडाण का मंचन किया गया। नाटक को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

डॉ. सतीश कलेश्वरी ने बताया कि गढ़वाली भाषा का नाटक मधु मण्डाण ऐसे युवा से संबंधित है, जिसे अपनी नौकरी से छुट्टी आने पर अपने गांव कड़ेथ (उत्तराखंड) में पता चलता है कि वह ऐसे रोगों से ग्रस्त है जिनका इलाज प्रचलित दवाइयों व अन्य तरीकों में संभव नही है। उसे इलाज के लिये सैकड़ों सलाहें मिलती हैं और वह शीघ्र रोगमुक्त होने के चक्कर में हज़ारों रुपये बर्बाद कर देता है। जब बीमारी के इलाज में उसकी पूरी जमा पूंजी खत्म हो जाती हैं तब वह मजबूरीवश अपने खेतों की ओर लौटता है। खेतों में परिश्रम करने से उसकी जीवन शैली में आमूल-चूल परिवर्तन हो जाता है और वह तमाम रोगों से मुक्त हो जाता है। नाटक के माध्यम से देश सहित पूरे विश्व को एक सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की गई है कि अपनी जीवन शैली में परिवर्तन करके हम एक सुखद जीवन जी सकते हैं।

ये थे नाटक के कलाकार-

नाटक में मुख्य भूमिका गढ़वाली फीचर फिल्मों के अभिनेता राकेश गौड़ ने निभाई। अन्य कलाकारों में बृजमोहन बेदवाल, रमेश ठंगरियाल, गीता गुसांई नेगी, ममता कर्नाटक, गिरधारी रावत, उमेश बंदूनी, दर्शन सिंह रावत, अंजु भंडारी, आई.पी उनियाल, रामपाल किमोली, अंजु पुरोहित, एकाग्र कलेश्वरी, रविन्द्र गुडियाल, शशि बडोला, रविन्द्र रावत, महेन्द्र रावत, किरन रामपाल, शेखर भट्ट, धर्मेन्द्र प्रसाद, पुष्पा देवली व मंजु भट्ट शामिल रहे। शो के विशिष्ट अतिथियों में मयंक प्रकाश कोठारी, अभिलाषा भारद्वाज, रंजना रावत, गिरिराज सिंह रावत, बीरेंद्र सिंह रावत, गीता नेगी, सुनीता कोटनाला, अनीता आर्य एवं डॉ. भास्कर बौद्ध शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

13 साल बाद बदलेगी बिलाई शुगर मिल की भुगतान व्यवस्था

मिल चलने के 10 दिन के अंदर पिछला भुगतान पूरा और 20 से 25 दिन में नये सत्र का भुगतान शुरू होगा, 'भुगतान नहीं तो गन्ना नहीं' आंदोलन स्थगित



बिजनौर (चिंगारी)। बिलाई शुगर मिल से किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा चलाए जा रहे 'भुगतान नहीं तो गन्ना नहीं' आंदोलन के संबंध में जिला गन्ना अधिकारी बृजेश कुमार पटेल के कार्यालय में वार्ता हुई। जिला गन्ना अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बिलाई शुगर मिल के यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह एवं महाप्रबंधक गन्ना सुभाष तोमर के साथ संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। वार्ता के दौरान मिल अधिकारियों ने जिलाधिकारी बिजनौर को भुगतान के संबंध में लिखित आश्वासन दिया।

लिखित प्रस्ताव के अनुसार, मिल प्रबंधन दीपावली से पहले डायवर्जन के 10 करोड़ रुपये तथा शेष बची चीनी के मूल्य के लगभग 4 करोड़ रुपये किसानों के गन्ना भुगतान में देगा। इसके बाद मिल शुरू होने के समय लगभग 12 करोड़ रुपये का बकाया शेष रहेगा, जिसका भुगतान मिल चलने की तारीख से 10 दिन के अंदर कर दिया जाएगा। साथ ही नये पेराई सत्र का गन्ना मूल्य भुगतान भी मिल चलने के 20 से 25 दिनों के भीतर शुरू कर दिया जाएगा।

मीडिया को जारी अपने बयान में प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने कहा कि पिछले 13 वर्षों में पहली बार ऐसा हो रहा है कि शुगर मिल चलने के मात्र 10 दिनों के अंदर किसानों का पिछले सत्र का पूरा बकाया भुगतान हो जाएगा और नये पेराई सत्र का भुगतान भी 20 से 25 दिनों में शुरू हो जाएगा। यह किसानों की एकजुटता और अधिकारियों की सख्त कार्रवाई का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पिछले 13 वर्षों से मिल शुरू होने के दो से तीन महीने बाद तक भी किसानों का पिछला भुगतान पूरा नहीं हो पाता था। मिल प्रबंधन नये सत्र की चीनी बेचकर पिछले सत्र का भुगतान करता था, जिसके कारण किसानों का भुगतान लगातार लंबित होता रहता था।

दिगंबर सिंह ने बताया कि इस बार मिल अधिकारियों ने लिखित आश्वासन दिया है कि नये पेराई सत्र की चीनी से नए सत्र के गन्ने का भुगतान किया जाएगा और किसी प्रकार का डायवर्जन नहीं किया जाएगा।

बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने किसानों को उन्नतशील प्रजातियों के गन्ने का बीज नि:शुल्क उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। मिल अधिकारियों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए कहा कि इसे गन्ना बुवाई योजना में प्रमुखता से शामिल किया जाएगा।

संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह, जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही, अतुल कुमार बालियान, नितेंद्र प्रधान, नवबहार सिंह, सुरेश प्रधान एवं मोहित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने मिल प्रबंधन द्वारा दिए गए लिखित प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया।

किसानों का हित सर्वोपरि

संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसानों का हित सर्वोपरि है। यदि मिल प्रबंधन अपने लिखित आश्वासन के अनुसार समय से भुगतान करता है तो संगठन इस पहल का स्वागत करेगा, लेकिन यदि वादाखिलाफी हुई और निर्धारित समय पर भुगतान नहीं किया गया तो किसान दोबारा आंदोलन के लिए तैयार हैं। दिगंबर सिंह ने कहा कि किसान न तो पीछे हटे हैं और न ही कहीं गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर किसान फिर से अपना गन्ना लेकर बिजनौर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे।

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन, एसडीएम रैंक के 2 अधिकारी सस्पेंड



पीलीभीत (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद चुनाव आयोग ने सख्त कार्रवाई की है। आयोग ने दो SDM रैंक के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं, जिले की चारों विधानसभा सीटों की मतदाता सूची का दोबारा सत्यापन कराने और पूरे मामले की रिपोर्ट तय समय में सौंपने को कहा है। मामला पीलीभीत की सदर विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में सामने आई गड़बड़ी से जुड़ा है। चुनाव आयोग ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मयंक गोस्वामी और हेमंत चौधरी को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया है। आयोग ने साफ निर्देश दिया है कि उसकी अनुमति के बिना दोनों अधिकारियों को बहाल नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग ने इस मामले में मतदाता पंजीकरण केंद्र में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार के खिलाफ पहले से दर्ज FIR में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 198 जोड़ने का भी निर्देश दिया है। खास बात यह है कि इस FIR में दोनों अधिकारी मयंक गोस्वामी और हेमंत चौधरी भी नामजद हैं। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश का पालन करने को कहा है।

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।







सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist

Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर